श्रावण शुक्ल पक्ष दशमी 10:27 उपरांत एकादशी, विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 15 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 270, पृष्ठ 20
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com




श्रीजेश...श्रीजेश ... सुनकर याद आए सचिन 19

निरहुआ का गाना तु अइला हमरा जिनगी में रिलीज 20

# स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेश के 70 पुलिस अफसरों को मिलेगा राष्ट्रीय पदक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुठभेड़ के दौरान अदम्य साहस के लिए एसटीएफ के चालकों को भी मिलेगा पदक

**अमृत विचारः** योगी सरकार में अपराधियों के खिलाफ लगातार की जा रही कार्रवाइयों और मुठभेड़ों को अंजाम देकर संगठित अपराध के जड़ से समाप्त करने के कारण इस बार एसटीएफ की झोली पदकों से भर गई। शीर्ष अधिकारियों के अलावा मुठभेड़ों के दौरान अदम्य साहस दिखाने पर चालकों को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

राष्ट्रपति पदक के साथ-साथ राज्यपाल और डीजीपी की ओर से भी पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की गई है। एसटीएफ के नौ अधिकारियों, कार्मिकों को गैलेंट्री अवार्ड से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है। इसके अलावा चालक शिवशंकर प्रसाद को राष्ट्रपति पदक देने की घोषणा की गई है। चालक राजेश उपाध्याय एवं मानवेंद्र सिंह को गृह मंत्रालय की ओर से उत्कृष्ट सेवा पदक, मो. यहीजुद्दीन को अति उत्कृष्ट सेवा पदक, योगेंद्र सिंह यादव को डीजीपी की ओर से सराहनीय सेवा, भोलानाथ यादव एवं राजमणि यादव को डीजीपी की ओर से प्रशंसा चिन्ह प्राप्त हुआ है। इसके अलावा निरीक्षक सुनील कुमार, उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार, मुख्य आरक्षी संजय कुमार सिंह, घनश्याम राय, बरनाम सिंह, दयाराम यादव, राजेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार सिंह, विनोद सिंह, संजय सिंह को गृहमंत्रालय द्वारा अति उत्कृष्ट सेवा पदक प्राप्त हुआ है। उत्कृष्ट सेवा पदक 2024 के लिए निरीक्षक जयप्रकाश राय, अमित, आरक्षी सौरभ शुक्ला, मुख्य आरक्षी सुबोध कुमार सिंह को चुना गया है। अति उत्कृष्ट सेवा पदक -2023 के लिए उपनिरीक्षक रामनरेश दास, विद्यासागर, यशवंत सिंह और मनोज कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी रामशंकर का चयन हुआ है।

### दीपक को प्लेटिनम, सत्यसेन को स्वर्ण पदक

डीजीपी की ओर से शौर्य प्रशंसा चिह्न के लिए निरीक्षक दीपक सिंह प्लेटिनम पदक तो एएसपी सत्यसेन यादव को स्वर्ण पदक मिला है। विनय कुमार सिंह, अक्षय परवीर त्यागी, राहुल कुमार को भी स्वर्ण पदक मिला है। सुनील कुमार, अरुण कुमार निगम और दीपक कुमार, राहुल परमार, केशव शांडिल्य, प्रदीप कुमार सिंह, योगेंद्र पाल, रामनरेश दास, संजय कुमार, राशिद अली, मनीष कुमार उपाध्याय, आशुतोष तिवारी, मोहित गौड़, गुलजार सिंह, अनिल कुमार चौरसिया, रकम सिंह सहित 39 को रजत पदक मिला है।

### चार रणबांकुरों को कीर्ति चक्र और 18 को शौर्य चक्र

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के 103 कर्मियों को वीरता पुरस्कारों से सम्मानित किए जाने की मंजूरी दी है जिनमें चार कीर्ति और 18 शौर्य चक्र शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि तीन रणबांकुरों को मरणोपरांत कीर्ति चक्र और चार को मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। सेना पदक (वीरता) के लिए 63 सेना पदक जिनमें दो मरणोपरांत, 11 नौसेना पदक (वीरता) और छह वायु सेना पदक (वीरता) भी प्रदान किए जाएंगे। राष्ट्रपति ने विभिन्न सैन्य अभियानों में उनके योगदान के लिए सेना की श्वान यूनिट की डॉग कैंट (मरणोपरांत) सहित 39 मेंशन-इन-डिस्पैच को भी मंजूरी दे दी है।

### इन्हें मिला कीर्ति चक्र

- कर्नल मनप्रीत सिंह, सेना मेडल, सिख लाइट इन्फैंट्री/19वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स (मरणोपरांत)
- मेजर मल्ला राम गोपाल नायडू, मराठा लाइट इन्फैंट्री/56वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स
- राइफलमैन रवि कुमार, जम्मू और कश्मीर लाइट इन्फैंट्री/63वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स (मरणोपरांत)
- डीएसपी हिमायूं मुजम्मिल भट, जम्मू और कश्मीर पुलिस, सी/ओ 19वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स (मरणोपरांत)

MONTE CARLO
SALE START
20% to 50%
वास्तविक छूट
शर्ट, टी-शर्ट, जीन्स, ट्राउजर, लोअर ट्रैक सूट, लेडीज जीन्स, लेडीज टॉप, कुर्ती फुटवियर, पर्स, साड़ियाँ, लेडीज सूट, ड्रेसेज
SELECTION POINT
The Complete Family Store
7 DAYS OPEN
45, Civil Lines, Bareilly. Mob.7088300050 | DD Puram, Bareilly. Mob.7055359111

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

### शुभकामना/सूचना

समस्त सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं और अभिकर्ताओं को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को अमृत विचार कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 17 अगस्त को प्रकाशित होगा। – संपादक

### राहुल नवीन ईडी के नए निदेशक नियुक्त

नई दिल्ली। ईडी के कार्यवाहक प्रमुख राहुल नवीन को बुधवार को जांच एजेंसी का पूर्णकालिक निदेशक नियुक्त किया गया। कैबिनेट की नियुक्ति संबंधी समिति की ओर से जारी एक आदेश में कहा गया है कि आयकर संवर्ग के 1993 बैच के भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी नवीन की नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष की अवधि के लिए अथवा अगले आदेश तक के लिए की गई है।

## योगी बोले- हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर चुप रहने वाले मानवता के दुश्मन

# बर्दाश्त नहीं अस्मिता पर वार

- विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में गरजे मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बांग्लादेश में अस्मिता बचाने के लिए डेढ़ करोड़ हिंदू चिल्ला रहे हैं। उन्होंने हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर चुप रहने वालों को मानवता का दुश्मन ठहराया। साथ ही कहा कि अस्मिता पर वार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री लोकभवन में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

योगी ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आभारी हैं, जिन्होंने इतिहास के काले अध्याय से पर्दा उठाकर गलतियों के परिमार्जन के लिए रास्ता बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि जो 1947 में हुआ, वही आज पाकिस्तान और बांग्लादेश में हो रहा है। उस समय 10 लाख हिंदू-सिख काटे गए थे, आज भी वही आगजनी, तोड़फोड़, लूटपाट, बहन-बेटियों संग अत्याचार और त्रासदी का दृश्य देख रहे हैं। डेढ़ करोड़ हिंदू बांग्लादेश में आज अस्मिता बचाने को चिल्ला रहे हैं। मुख्यमंत्री ने पाकिस्तान को ललकारते हुए कहा कि महर्षि अरविंद ने कहा था पाकिस्तान समाप्त होगा या उसका भारत में विलय होगा। उन्होंने कहा कि विभाजन त्रासदी के लिए कांग्रेस जिम्मेदार है। आज भी देश आतंकवाद के रूप में दंश झेल रहा है।



लखनऊ में विभाजन विभीषिका स्मृति मौन पदयात्रा में मुख्यमंत्री योगी व अन्य।

### सीएम की अगुवाई में पद यात्रा

मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में विभाजन विभीषिका स्मृति मौन पदयात्रा निकली। मुख्यमंत्री ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर इसकी शुरुआत की, जहा से पदयात्रा लोकभवन तक पहुंची। इस दौरान मुख्यमंत्री हाथ में तख्ती लेकर चल रहे थे। इसमें त्रासदी का दंश झेलने वालों की पीड़ा बयां हो रही थी। उन्होंने लोकभवन में विभाजन विभीषिका की त्रासदी पर आधारित अभिलेख प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। उनके साथ दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक भी थे।

### मोदी लाल किले पर आज 11वीं बार फहराएंगे तिरंगा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लगातार 11वीं बार राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।



इस अवसर पर लालकिले की प्राचीर से अपने संबोधन में वह देश के समक्ष ज्वलंत मुद्दों के बारे में बात भी करेंगे। स्वतंत्रता दिवस पर अपने तीसरे कार्यकाल के पहले संबोधन में वह पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को पीछे छोड़ देंगे। मनमोहन सिंह ने 2004 से 2014 के दौरान लाल किले की प्राचीर से 10 बार तिरंगा फहराया था। इस मामले में मोदी जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। नेहरू को यह सम्मान 17 और इंदिरा को 16 बार मिला था।

## स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पूर्व हुई मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर

# उत्तराखंड के कैप्टन शहीद

जम्मू, एजेंसी

- डोडा के शिवगढ़-अस्सार पट्टी में छिपे थे आतंकवादी
- देहरादून के रहने वाले थे कैप्टन दीपक



दीपक सिंह का फाइल फोटो

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में बुधवार को आतंकवादियों से मुठभेड़ में सेना के एक कैप्टन शहीद हो गए। वहीं मुठभेड़ में एक आतंकवादी को भी ढेर कर दिया गया। स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पूर्व हुई मुठभेड़ में एक नागरिक भी घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि शिवगढ़-अस्सार पट्टी में छिपे विदेशी आतंकवादियों की तलाश में सुरक्षाबलों और पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर संयुक्त तलाश अभियान शुरू किया और इस दौरान घने जंगल वाले इलाके में उनके बीच मुठभेड़ शुरू हो गई।

आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में देहरादून के कैप्टन दीपक सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए जिसके बाद उन्हें सैन्य अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से बैग मिले हैं जिनमें खून लगा है। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि वहां और भी आतंकवादी हो सकते हैं। सेना ने कहा कि व्हाइट नाइट कोर के सभी रैंक बहादुर कैप्टन दीपक के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं।

### मंगलवार को आतंकियों के छिपे होने के बारे में चला था पता

उधमपुर में मंगलवार शाम करीब छह बजे सुरक्षाबलों को आतंकियों के छिपे होने का पता चला था। सर्च अभियान के दौरान आधे घंटे बाद उनके बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। सुरक्षाबलों ने रातभर में इलाके को चारों ओर से घेर लिया। सुरक्षाबलों ने बुधवार सुबह फिर से तलाश अभियान शुरू किया। सुबह करीब 7.30 बजे पुनः आतंकवादियों और जवानों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई।

Dr. G.L. KANAUJIA
PUBLIC SCHOOL
(An English Medium Co-Ed. Senior Secondary School)
Affiliated to C.B.S.E., Delhi

Your Child
Deserves
the Best

Focus on Each Student
Safe & Secure Campus
Clean and Hygienic Campus

In Pursuit of Excellence
- Full Free Admission Fee For Girl of any Class.
- Full Free Admission Fee For P.G. Classes (Limited Seats).
- Half Tuition Fee For Single Girl Child.
- Ideal Class Strength in each class.
- Well Equipped Labs.
- Fully AC - Pre Primary wing.

Science, Commerce & Humanities Stream for XI & XII













Contact : 8960381801, 9235752121, 9005896669
Hundal Khel, Shahjahanpur - 242001 (U.P.)


आप सभी देशवासियों को
78वें स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
15
AUGUST


समस्त जनपदवासियों को
राष्ट्रीय महापर्व
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
माँ भारती को गुलामी की बेड़ियों से
आजादी दिलाने वाले
महान स्वतंत्रता सेनानियों को
कोटि-कोटि नमन
आपका सेवक :
अरुण कुमार सागर
सांसद-शाहजहाँपुर


आप सभी जनपदवासियों को
स्वतन्त्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अर्चना वर्मा
मेयर, शाहजहांपुर


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल, उ.प्र. (रजि.)
श्री लोकेश अग्रवाल
प्रांतीय अध्यक्ष
सौमित्र गुप्ता
जिला अध्यक्ष
मो. सलाउद्दीन अख्तर
महानगर अध्यक्ष
प्रदीप कुमार गुप्ता
जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष
अनूप कुमार गुप्ता
महानगर महामंत्री
नरेंद्र शुक्ला
युवा जिला अध्यक्ष
सुमित पुरी
महानगर कोषाध्यक्ष
सचिन कुमार सक्सेना
युवा महानगर अध्यक्ष


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक
शुभकामनायें
सचिन बाथम
महानगर अध्यक्ष
सुरेन्द्र सिंह सेठ
जिला महामंत्री
नारायण दास अग्रवाल
प्रदेश संयुक्त मंत्री
शशांक कौशिक
महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष
अमित शर्मा
महामंत्री
आकाश दीप गुप्ता
सयुक्त महामंत्री
मो. इकबाल खान (लकी)
अध्यक्ष बहादुरगंज पचराहा
कामरान अंसारी
महानगर संगठन मंत्री
रईस अंसारी
महामंत्री बहादुरगंज पचराहा
कामिल हुसैन
उपाध्यक्ष बहादुरगंज पचराहा
अशरफ कुरैशी
संगठन मंत्री
महेन्द्र दुबे
महानगर संगठन मंत्री
ज्ञान चन्द्र
महामंत्री टाउनहाल
प्रिंस होरा
कोषाध्यक्ष टाउनहाल
राजकुमार धवन
संगठन मंत्री टाउनहाल
मथुरेश गुप्ता
महानगर संगठन मंत्री
उ०प्र० उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल शाहजहाँपुर


सहयोग संस्था शाहजहाँपुर
सहयोग संस्था शाहजहाँपुर
जहाँ हिमालय शीश झुकाए, जहाँ धरती सींचें गंगा
चलो शान से लहराएंगे, हर घर में आज तिरंगा।
स्वतंत्रता
दिवस
की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनायें
अनिल गुप्ता
प्रधान
(संरक्षक) सहयोग संस्था, शाहजहाँपुर
शाहनवाज़ खाँ
एडवोकेट
(संरक्षक) सहयोग संस्था, शाहजहाँपुर
प्रेरणास्रोत
श्री सुरेश कुमार खन्ना जी
मा. वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री
नेहा यादव सक्सेना
अध्यक्ष
निवेदक : सहयोग संस्था परिवार शाहजहाँपुर



बुधवार की शाम रोशनी से जगमगाता कलेक्ट्रेट। ● अमृत विचार

# रोशनी से नहाया महानगर आज शान से फहराएगा तिरंगा

## स्वतंत्रता दिवस पर स्कूलों में होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले में आज स्वतंत्रता दिवस की धूम रहेगी। सुबह सात बजे शहीद संग्रहालय में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना रहेंगे।

कलेक्ट्रेट में डीएम ध्वजारोहण करेंगे। साथ ही सभी सरकारी और गैर सरकारी संस्थान, स्कूलों और दफ्तरों में भी ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके बाद राष्ट्रगान होगा। स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर पिछले कई दिनों से कलेक्ट्रेट भवन की साफ-सफाई और रंग रोगन का काम चल रहा था। 14 अगस्त की शाम को कलेक्ट्रेट को बिजली की झालरों से सजा दिया गया। स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण से पहले जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा शहीदों व महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी जाएगी।

● **कलेक्ट्रेट में डीएम की अध्यक्षता में होगा आयोजन**

सुबह छह बजे धार्मिक स्थलों पर सामूहिक प्रार्थना का आयोजन किया जाएगा। बाद में बेसिक स्कूलों के बच्चे सुबह साढ़े छह बजे से प्रभातफेरी निकालेंगे। झंडा फहराने के बाद शिक्षण संस्थाओं में खेलकूद और पुलिस लाइन में परेड के बाद पौधरोपण का कार्यक्रम होगा। इससे पहले बुधवार शाम को पूरा महानगर रोशनी से नहाया हुआ देखा गया। कलेक्ट्रेट, जिला पंचायत, नगर निगम सहित तमाम सरकारी विभाग रोशनी से जगमग रहे। आज जिले में स्वतंत्रता दिवस की धूम मचेगी।


बुधवार को कुछ इस तरह रोशनी से जगमगा रहा शहीद उद्यान।

### आजादी का साक्षी रहा है अशोक का पेड़

हमेशा की तरह इस बार भी कलेक्ट्रेट में लगे आजादी के प्रतीक अशोक के पेड़ की चर्चा है। दरअसल आजादी का बिगुल बजने के बाद 15 अगस्त 1947 को कलेक्ट्रेट परिसर में तत्कालीन जिलाधीश जगन्नाथ त्रिपाठी ने धर्मपत्नी भागीरथी देवी के साथ आजादी का पौधा यानी अशोक का पौधा लगाया था। आजादी के साक्षी अशोक के इस वृक्ष के चारों ओर चबूतरा बनवाया गया है। डीएम दफ्तर के ठीक सामने लगे इस वृक्ष के चबूतरे पर लगे शिलापट पर स्वतंत्रता वृक्ष अंकित है। साथ ही लिखवाया गया है कि भागीरथी देवी पत्नी जगन्नाथ प्रसाद त्रिपाठी, जिलाधीश शाहजहांपुर के कर कमलों से 15 अगस्त 1947 को लगाया गया। अशोक के इस वृक्ष को उत्तर प्रदेश के राजकीय वृक्ष का सम्मान प्राप्त है।

# जश्न-ए-आजादी में घर-घर तिरंगा फहराने की जगाई अलख

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सामाजिक संगठन यूनिटी की ओर से बुधवार को देवी प्रसाद प्राइमरी स्कूल और देवी प्रसाद बालिका जूनियर हाईस्कूल में आजादी का जश्न मनाया गया। इस दौरान जहां बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, वहीं यूनिटी संस्था की ओर से बच्चों को तिरंगा झंडा वितरित किए गए।

प्रधान अध्यापिका असिलेखा अवस्थी और रेनू पांडेय की देखरेख में बच्चों ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में गीत और नृत्य प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं। इस मौके पर मुख्य अतिथि समाजसेविका डॉ. संगीता मोहन ने बच्चों को घर-घर तिरंगा अभियान के बारे में जानकारी देते हुए सभी से अपने घरों में झंडे लगाने का संदेश दिया। साथ ही बच्चों और शिक्षिकाओं को तिरंगा झंडे और बिस्कुट, टॉफ़ी, फल वितरित किए। संस्था अध्यक्ष एकता अग्रवाल, राजुल टंडन, सोनाली सेठ, राजबेटी वर्मा, शशि किरण अवस्थी, पूजा सक्सेना, नीति गुप्ता, कंचन श्रीवास्तव, ज्योति यादव, गौरव पांडेय आदि का सहयोग रहा।


हथौड़ा बुजुर्ग में तिरंगा यात्रा निकालते कंपोजिट विद्यालय के बच्चे। ● अमृत विचार


तिरंगा यात्रा निकालते मदरसा अत्तारिया के बच्चे। ● अमृत विचार

### हथौड़ा बुजुर्ग में गूंजे भारत माता के जयकारे

शाहजहांपुर, अमृत विचार : बुधवार को जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालयों में जश्न-ए-आजादी के तहत तिरंगा यात्राएं निकाली गईं। हाथों में तिरंगा झंडा लहराते हुए बच्चे भारत माता की जय, वंदे मातरम के घोष करते हुए गांवों में घूमे। इसी क्रम में विकास खंड भावलखेड़ा के कंपोजिट विद्यालय हथौड़ा बुजुर्ग में बीएसए दिव्या गुप्ता के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा का मुख्य आकर्षण भारत माता, म्हात्मा गांधी और डॉ. भीमराव आंबेडकर की झांकी रही। प्रधान अध्यापिका शैफाली, प्रेमलता शुक्ला, अर्चना श्रीवास्तव, गीता शुक्ला, सुखमीत कौर, ज्योति बाला, फरहा, स्वाति, प्रियंका मिश्रा आदि शिक्षिकाओं की देखरेख में सैकड़ों बच्चे हाथों में तिरंगा झंडा लिए गगनभेदी नारे लगाते हुए क्षेत्र का भ्रमण करते हुए लोगों में देशभक्ति की अलख जगाते रहे।


मेयर अर्चना वर्मा ने अपने आवास पर बुधवार को कार्यकर्ताओं को तिरंगा झंडा वितरण कर घरों व अन्य चिह्नित स्थानों पर लगाने की अपील की।

### मदरसा अत्तारिया के बच्चों ने लगाए देशभक्ति के नारे

शाहजहांपुर, अमृत विचार : मदरसा अत्तारिया तारीन जलालनगर में बच्चों ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर तिरंगा यात्रा निकाल कर हर घर तिरंगा फहराने के लिए लोगों को जागरुक किया। रैली के दौरान बच्चों ने देशभक्ति गीत गाए और देशभक्ति से ओतप्रोत नारे लगाकर लोगों में जोश भरने का काम किया। हाथों में तिरंगा झंडा लेकर बच्चे उत्साहपूर्वक मोहल्ले का भ्रमण करते रहे। प्रबंधक मोहम्मद रिजवान ने बच्चों को तिरंगा झंडे का महत्व भी समझाया।

### मॉर्निंग वॉकर्स ने कैंट में निकाली तिरंगा यात्रा



शाहजहांपुर, अमृत विचार : मॉर्निंग वॉकर्स के सदस्यों ने महिलाओं और बच्चों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली। सभी लोग हाथों में तिरंगा झंडा लेकर कैंट एरिया में पैदल मार्च करते हुए और बाइक रैली के माध्यम से लोगों में राष्ट्रभक्ति की भावना जगा रहे थे। ग्रुप अध्यक्ष डॉ. अनिल त्रेहन के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा में कृष्ण कुमार गर्ग, ललित गर्ग, गजेंद्र गंगवार, मनोज गुप्ता, कमलेश सचदेव, राकेश आनंद, प्रेम पाल गंगवार, आनंद पांडेय, सरोज वर्मा, शिव प्रकाश वर्मा, जितेंद्र गुप्ता समेत बड़ी संख्या में मॉर्निंग वॉकर्स शामिल रहे।

### निवाड़ी गांव में बच्चों ने निकाली रैली

शाहजहांपुर, अमृत विचार : ददरौल स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय निवाड़ी के बच्चों ने जोशोखरोश के साथ तिरंगा यात्रा निकाली। प्रधान अध्यापिका रूफिया खान के नेतृत्व में बच्चे देशभक्ति के नारे लगाते हुए आसपास के गांवों का भ्रमण करते हुए आजादी का जश्न मना रहे थे। इससे पहले तिरंगा यात्रा को एसएमसी अध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बच्चों को आजादी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और शिक्षक शामिल रहे।


देवी प्रसाद विद्यालय में बच्चों को तिरंगा झंडा और बिस्कुट वितरित करतीं यूनिटी संस्था की संरक्षक डॉ. संगीता मोहन। ● अमृत विचार

### रंगोली से अखंड भारत के नक्शे को प्रदर्शित किया

खुदागंज। ठाकुर रोशन सिंह संगठन राजकीय महाविद्यालय नवादा दरोबस्त में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक प्राचार्य डॉ. अनुज सक्सेना व कार्यक्रम प्रभारी डॉ. श्रवण कुमार सिंह ने शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर महाविद्यालय परिसर में कार्यक्रम संपन्न कराया। इस दौरान विभाजन विभीषिका दिवस भी मनाया गया। संचालन स्वयंसेवक संघ के खंड कार्य प्रवाह गजेंद्र सिंह ने किया। धर्मजीत ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों के सहयोग से रंगोली से अखंड भारत के नक्शे को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में डॉ. अमित कुमार, डॉ. रघुवीर सिंह, डॉ. जुल्फिकार अली, डॉ. मोहित कुमार गुप्ता, मानवेंद्र सिंह, डॉ. सतीश शुक्ला, डॉ. बुद्ध प्रिय सिद्धार्थ, डॉ. सुधा देवी, डॉ. रेनू पांडेय, डॉ. सुरेंद्र पाल गंगवार, डॉ. सुरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने पुवायां में निकाली तिरंगा यात्रा

पुवायां। सनातनी एकता मंच सेवा समिति ग्राम ढूंडा, पुवायां से स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्रा के निर्देश पर सनातनी एकता मंच सेवा समिति के अध्यक्ष विपिन मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान विमल मिश्रा उपाध्यक्ष, विनोद मिश्रा उपाध्यक्ष, अरविंद मिश्रा, प्रशांत मिश्रा गौरव शुक्ला, विपुल मिश्रा, योगेश शुक्ला, रोहित मिश्रा सह मीडिया प्रभारी, प्रदीप तिवारी सह मीडिया प्रभारी व सभी सदस्य मौजूद रहे।

### नेहरू युवा केंद्र ने बांटे तिरंगा झंडे



शाहजहांपुर। नेहरू युवा केंद्र की ओर से हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाल कर अकर्रा रसूलपुर में तिरंगा झंडे वितरित किए गए और लोगों से तिरंगा झंडे घरों में लगाने को प्रेरित किया गया। जिला गंगा समिति के डीपीओ विनय सक्सेना, एस एस कॉलेज के डॉ. रूपक श्रीवास्तव आदि ने लोगों को तिरंगा उत्सव की महत्ता समझाई। इस अवसर पर राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय के डॉ. संदीप, सोनम सचान, मानवता वेलफेयर सोसाइटी से अमित श्रीवास्तव, शुभम, हिमांशु सक्सेना, पंकज वर्मा, लज्जाराम वर्मा सहित युवा मंडल के सदस्य और स्थानीय लोग मौजूद रहे।




आप सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
15 August Happy Independence Day

आप सभी देशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गोल्डन फ्लॉवर पब्लिक स्कूल
गोला रोड़ खुटार
प्रबंधक - हरदेव सिंह सिदधू
एकेडमिक डायरेक्टर- डॉ. नवदीप सिंह सिदधू
प्रधानाचार्य- राजकुमार साहू

आप सभी देशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मुकेश कुमार
कोषाध्यक्ष
उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा संघ- खुटार

आप सभी क्षेत्रवासियों स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जीत शुक्ला
ग्राम प्रधान
कोल्हुगाढ़ा, खुटार

आप सभी देशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नेहा सिंह
पत्नी शैलेन्द्र सिंह
ग्राम प्रधान
लुकटहा, खुटार

आप सभी देशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरोजनी देवी
पत्नी ऋषिपाल प्रजापति
ग्राम प्रधान
गढ़िया सरेली खुटार

आप सभी देशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रीति कन्नौजिया
पत्नी जितेन्द्र कुमार
ग्राम प्रधान
गुरधिया खुटार

आप सभी क्षेत्रवासियों स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विकास कुमार मिश्रा
प्रभारी प्रधानाध्यापक
पूर्व सभासद
खुटार-शाहजहांपुर
मो. 9118121212

आप सभी क्षेत्रवासियों स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शहीद उधम सिंह इंटर कालेज
रामपुर कलां खुटार
प्रबंधक हरवेल सिंह
उप-प्रबंधक संतोष सिंह
कोषाध्यक्ष रंजीत सिंह
अध्यक्ष गुरमेल सिंह
प्रधानाचार्य सर्वजीत सिंह संधू

आप सभी क्षेत्रवासियों स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामआसरे
(प्रधानाध्यापक) / मंत्री
जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ
ब्लाक खुटार शाहजहांपुर

आप सभी देशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. संजीव कुमार
सीएचसी प्रभारी
खुटार

आप सभी क्षेत्रवासियों स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड
सत्यम शुक्ला अध्यक्ष
अमित मिश्रा सचिव

आप सभी देशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शाहिद खां ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत टाह खुर्द
महेशकान्त पाडे सचिव

आप सभी देशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामभजन ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत चमरावोझी
महेशकान्त पाडे सचिव

आप सभी देशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विजय शंकर अवस्थी (सोनू)
भाजपा मंडल अध्यक्ष
खुटार

सभी क्षेत्रवासियों को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक बधाई
श्रीनाथ सूर्या हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी सेन्टर
पूरनपुर रोड, तिकुनियाँ, खुटार, शाहजहाँपुर
डा. कु. लवी शुक्ला B.H.M.S. (M.U.) Gynae and Obstetrics
डा. कु. सुभी शुक्ला B.H.M.S. (M.U.) Gynae and Obstetrics
डा. कु. निकिता शुक्ला B.H.M.S. (M.U.) Gynae and Obstetrics
24 घण्टे एमरजेन्सी सेवा उपलब्ध
मा. सुरेश खन्ना
डा. प्रदीप शुक्ला
भाजपा नेता, खुटार
मो. 9451102163, 8400077793

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
केसी मिश्रा जिलाध्यक्ष
जगवंत सिंह जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
इसराज खान
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कैहमारिया

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कैलाश
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत नवदिया दरूदग्रह
विकास खंड खुटार
प्रवीन कुमार (सचिव)

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जितेन्द्र कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बेला
विकास खंड खुटार
प्रवीन कुमार (सचिव)

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पंकज मिश्रा
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत चांदपुर
विकास खंड खुटार
प्रवीन कुमार (सचिव)

प्रस्तुतिः- राजुल मिश्रा, संवाददाता, खुटार मो. 9198649540

# आप सभी देशवासियों को 78वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

15 AUGUST




स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ठा. विनोद सिंह
प्रॉपर्टी डीलर
ग्राम पँचायत घनश्यामपुर
ब्लाक निगोही

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जगपाल
ग्राम प्रधान
ग्राम पँचायत ऐंठापुर
ब्लाक निगोही

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजीव वर्मा
ग्राम प्रधान
ग्राम पँचायत बरी लालपुर (कलेनापुर)
ब्लाक निगोही

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आशा शर्मा
ग्राम प्रधान
ग्राम पँचायत सहेतेपुत
ब्लाक निगोही

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कलीम खां
पूर्व प्रधान
समीर खां
ग्राम प्रधान
ग्राम पँचायत बजीरपुर
ब्लाक निगोही

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पवन वर्मा
ग्राम प्रधान
ग्राम पँचायत अजीजपुर
ब्लाक निगोही

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रजनीश
ग्राम प्रधान पति
ग्राम पँचायत कटैया उस्मानपुर
ब्लाक निगोही

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कमला सिंह यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम पँचायत जहानपुर
ब्लाक निगोही

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ठा. अमरीश सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम पँचायत महोलिया डींग
ब्लाक निगोही

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वीरेश सिंह यादव
उर्फ पप्पू यादव
प्रधान
ग्राम पँचायत धुल्लिया
ब्लाक निगोही

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. अजीत वर्मा
हमजापुर
नगर पंचायत
निगोही

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दीपक सिंह यादव
प्रधान
ग्राम पंचायत उदारा
ब्लाक निगोही

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
BRIGHT FUTURE PUBLIC SCHOOL
Paliya Farm, Nigohi- Powayan Road,
(4 Km. Distance From Nigohi), Shahjahanpur
e-mail : bps5232@gmail.com
HARJEET SINGH (Babu Ji) Director Mob: +91- 9918135280
ANKUR TIWARI Principal Mob: +91- 9450637987

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो. सुभाष चौधरी
साईन ईट
कबीरपुर झोतेपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो. हरीश गुप्ता
सतगुरु बिल्डिंग मैटेरियल
पतराजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मदन पाल वर्मा
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत हसौआ
ब्लाक निगोही

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ठा. मोनू सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत राघोपुर
सिकन्दरपुर ब्लॉक निगोही

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
यासीन अली
प्रधान
ग्राम पंचायत लोहरगवा
ब्लाक निगोही

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सावित्री देवी गावस्कर
डॉ. विजय शंकर गावस्कर
ग्राम पंचायत हरपरा (निगोही)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सीताराम हॉस्पिटल
निगोही, शाहजहांपुर
डायरेक्टर
सर्वेश वर्मा

AH आदिलोक हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशलिटी)
डॉ० अफजल अंसारी
डॉ० अंजू तनवर
डॉ० आलोक मिश्रा
हेल्पलाइन नं0 -9517288623
पता- पुवायाँ रोड, निगोही

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
छोटे बक्स
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत जिन्दपुरा
ब्लॉक निगोही

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गजेन्द्र सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मिलकिया
ब्लॉक निगोही

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
एड. मनोज यादव
पूर्व जिला पंचायत सदस्य
निगोही शाह.
मो. 9415411444, 9793377309
रजनीश यादव
प्रधान सण्डा खास एवं
अध्यक्ष, साधन सहकारी
समिति लि., सण्डा खास
मो. 9415492037

प्रस्तुति:- मदन लाल वर्मा निगोही 9455220424, 9670085994

# सामूहिक राष्ट्रगान के लिए खिरनीबाग मैदान में जुटे युवा

## स्वाभिमान प्रहरी के अनूठे कार्यक्रम में दिखा जबरदस्त उत्साह, तिरंगा लहराते हुए लगाए गगनभेदी नारे, देशभक्ति गीतों ने बांधा समां



सामूहिक राष्ट्रगान कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते लेफ्टिनेंट कर्नल अनंत शर्मा।



खिरनीबाग मैदान में सामूहिक राष्ट्रगान कार्यक्रम में तिरंगा लहराते युवा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जश्न-ए-आजादी पर बुधवार को खिरनीबाग जीआईसी मैदान में देर शाम सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 25 यूपी बटालियन के लेफ्टिनेंट कर्नल अनंत शर्मा ने युवाओं को आजादी के साथ अनुशासन का महत्व का भी महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि देश के संवारने और उन्नति की ओर ले जाने की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है।

स्वाभिमान प्रहरी के बैनर तले हुए सामूहिक राष्ट्रगान के संयोजक राज कमल वाजपेयी के संचालन में चले विशेष कार्यक्रम में सैकड़ों युवा शामिल हुए। हाथों में छोटे-बड़े तिरंगा झंडा लहराते हुए युवाओं की टोलियां खिरनीबाग मैदान में पहुंचती रहीं। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं। सभी जाति-धर्मों के लोग उत्साह और उमंग के साथ कतारों में पूरे अनुशासन के साथ खड़े होते गए। इस मौके पर महापौर अर्चना वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव, ददरौल विधायक अरविंद सिंह आदि ने भी युवाओं को संबोधित किया। समापन पर सभी ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति निष्ठा और राष्ट्रभक्ति की भावना प्रकट की। इस अनूठे आयोजन में अभिनव तिवारी, रूपेश वर्मा, सिद्धार्थ शुक्ला, आशीष शुक्ला, पुष्पेंद्र सिंह, रहमान खां, अखिल वर्मा आदि का सहयोग रहा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, राजेश वर्मा, उपेंद्र पाल सिंह, अरुण गुप्ता, धीरू खन्ना, राजेश अवस्थी, मुकेश राठौर, कुलदीप सिंह दुआ, हरीश बजाज, धर्मेंद्र शर्मा, रवि मिश्रा, नलिनी ओमर, नवनीत पाठक, विनय अग्रवाल, प्रदीप पांडेय, मुनीश सिंह परिहार, पूनम मेहरोत्रा आदि विशिष्टजन भी मौजूद रहे।

### अंग्रेजों का कुचक्र और षडयंत्र था देश का विभाजन

शाहजहांपुर, अमृत विचार : मुख्य डाकघर में बुधवार को विभाजन विभीषिका दिवस मनाया गया। संगोष्ठी में तीन विशिष्टजनों को सम्मानित किया गया। शहीद अशफाक उल्ला खां के प्रपौत्र अशफाक उल्ला खां ने कहा कि भारत विभाजन की विभीषिका अंग्रेजी शासन का कुचक्र और षड्यंत्र था। अंग्रेजी हुकूमत ने फूट डालकर भारत को बांट दिया। एसएस कॉलेज के इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. विकास खुराना ने देश के विभाजन पर रोशनी डाली। कवि कुलदीप दीपक ने काव्यपाठ के माध्यम से विभाजन का दर्द महसूस कराया। इससे पूर्व डाकघर अधीक्षक राजेश कुमार वर्मा और पोस्ट मास्टर सुरेंद्र कुमार ने अशफाक उल्ला खां, डॉ. विकास खुराना और कुलदीप दीपक को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। आनंद अग्रवाल के संचालन में हुए कार्यक्रम में डाकघर स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।



विभीषिका दिवस पर कार्यकर्ताओं के साथ मौन जुलूस निकालते गन्ना मंत्री संजय गंगवार।



विभाजन विभीषिका दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करते पंजाबी महासभा के सदस्य।

### विभाजन विभीषिका दिवस पर भाजपा ने निकाला मौन जुलूस

शाहजहांपुर, अमृत विचार : भाजपा ने 14 अगस्त 1947 को हुए देश के बंटवारे को विभीषिका करार देते हुए विभाजन विभीषिका दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गन्ना एवम चीनी विभाग मंत्री संजय गंगवार ने विभीषिका दंश झेलने वाले परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया। बाद में मूक पदयात्रा भी निकाली गई। पार्टी कार्यालय पर हुए कार्यक्रम में गन्ना मंत्री गंगवार ने कहा कि 14 अगस्त 1947 को देश का विभाजन कर दिया गया था। इस त्रासदी का दंश लाखों लोगों ने झेला और असहनीय पीड़ा सहन की। उन्हीं की याद में पार्टी प्रतिवर्ष विभाजन विभीषिका दिवस के रूप में यह दिन मनाती आ रही है। इससे पहले मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर विभाजन विभीषिका में प्राण गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर किशन लाल छावड़ा, विनय चड्ढा, प्रेम नारंग आदि को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के बाद मुख्य अतिथि के नेतृत्व में मौन पदयात्रा निकाली गई, जो पार्टी कार्यालय से शुरू होकर हथौड़ा चौराहा स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस पार्क तक गई। कार्यक्रम संयोजक ब्लॉक प्रमुख राजाराम ने आभार व्यक्त किया। आयोजन में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय यादव, ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ला, वैभव खन्ना आदि शामिल रहे।

### पंजाबी महासभा ने पूर्वजों को अर्पित की श्रद्धांजलि

शाहजहांपुर, अमृत विचार : पंजाबी महासभा की ओर से हुए कार्यक्रम में अध्यक्ष कृष्ण लाल छाबड़ा ने कहा कि 14 अगस्त 1947 की वह काली रात कभी भुलाई नहीं जा सकती, जो पंजाबियों पर कहर बनकर टूटी। जिसका दर्द आज भी महसूस किया जा रहा है। प्रदेश मंत्री सुरेंद्र सेठी ने कहा कि यही वह दिन है, जब लोगों ने परिवार के सदस्यों को खोया। बच्चों को भालों की नोक पर उछाला गया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रेम नारंग, विजय तुली, मोहन ग्रोवर, पवन ग्रोवर, मनमोहन अरोड़ा, लाजपत राय बत्रा, हरीश बजाज, रुपेश कुमार वोहरा, रोहताश सचदेवा, विनय चड्ढा, जुगल तनेजा, कुलदीप सिंह दुआ, जगदीश गांधी, सतीश गांधी, जसवंत भंडारी, नंदकिशोर खंडूजा, नंदन ग्रोवर, सुरेंद्र, विक्की होरा, डिंपल अरोड़ा, जसवंत बजाज, रोमी आनंद, रोहित आदि शामिल रहे।

## सार-संक्षेप

### हिंदू शेर सेना ने निकाली तिरंगा यात्रा



कांट, अमृत विचार : आजादी के 77 वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में बुधवार को विशाल तिरंगा बाइक यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा को जिलाध्यक्ष संदीप हिंदू ने तिरंगा झंडा दिखाकर रवाना किया। सभी ने बाइकों व वाहनों पर तिरंगे झंडे लगा रखे थे। भारत माता की जय, वंदेमातरम के जयघोषों से वातावरण गूंज उठा। यात्रा नगर के कुरिया कला तिराहे से प्रारंभ होकर मोहल्ला मखैय्या, महुआ बाजार, पट्टी पूर्वी, कमलनयनपुर, गढ़ी पूर्वी, मदनापुर रोड, रावतपुर व नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई रामलीला मैदान में आकर समाप्त हुई। इस मौके पर विकास पाठक, अर्पित, भामाशाह, बिरजू मिश्रा, अखिलेश पाठक, संजय चतुर्वेदी, सुशील सिंह, वीनू मिश्रा, विनय मिश्रा, मुकेश त्रिवेदी आदि मौजूद रहे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्विनी कुमार सिंह, क्राइम प्रभारी सत्य सिंह एवं वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश कुमार सिंह टीम के साथ मुस्तैद रहे।

### बेहतर काम के बाद भी किया जा रहा परेशान



शाहजहांपुर, अमृत विचार : एनएचएम में तैनात सीएचओ (समुदाय स्वास्थ्य अधिकारी) ने मिशन निदेशक को संबोधित ज्ञापन सीएमओ को देकर ऑनलाइन हाजिरी लेने में बदलाव सहित सात मांगों को रखा। बुधवार को सीएचओ जिला अध्यक्ष वरुण दीप और महामंत्री अंकुर यादव के नेतृत्व में सीएचओ सीएमओ कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन कर सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि गांव देहात में स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का काम भी हम लोग कर रहे हैं और परेशान भी सबसे ज्यादा हमें ही किया जा रहा है। सीएचओ पहले से ही ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं। इसके बाद भी उस ऐप को अपडेट कर उसमें रेटीना स्कैन और अन्य फीचर डाल कर परेशान किया जा रहा है। ज्ञापन में ऑनलाइन हाजिरी सिस्टम एएमएस स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों पर लागू करें, केवल एक ही कैडर पर नहीं समेत कई मांगे रखी गई। कहा कि जिन मांगों पर मिशन निदेशक ने पहले ही सहमति दे दी है, उन्हें लागू किया जाए। इस दौरान मीडिया प्रभारी प्रदीप राजपूत, संयुक्त एनएचएम महामंत्री सुदीप शुक्ला समेत भारी संख्या में सीएचओ मौजूद रहे।

### जैविक खेती के लिए किसानों को किया प्रेरित

शाहजहांपुर, अमृत विचार : मदनापुर में कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण व कृषक जागरुकता कार्यक्रम योजना के तहत बुधवार को कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक अरविंद कुमार सिंह ने जैविक खेती व मिलेट्स उत्पादन को बढ़ावा देने के बारे में जानकारी दी। डीडी कृषि धीरेंद्र सिं, डॉ. प्रवीण कुमार सहायक निदेशक गन्ना किसान प्रशिक्षण संस्थान, डॉ. मनमोहन सिंह आदि मौजूद रहे।






आप सभी देशवासियों को
# स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
15 August Happy Independence Day



**कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), शाहजहांपुर**
**की ओर से आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

पत्रांकः 583/डूडा/ई-निविदा सूचना/2024-25 दिनांकः 14.08.2024

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), शाहजहांपुर द्वारा संचालित मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजना के अन्तर्गत शासन द्वारा स्वीकृत इण्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्यों से सम्बन्धित 02 निर्माण कार्यों के लिए ई-टेण्डरिंग के माध्यम से दिनांक 16.08.2024 से दिनांक 27.08.2024 तक समय सायं 05:00 बजे तक ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदाओं का विवरण एवं निविदा संबंधी नियम एवं शर्तें www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। उक्त निविदायें निर्धारित समयान्तर्गत डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। तदोपरान्त प्राप्त निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 28.08.2024 को समय पूर्वान्ह 11:00 बजे निविदा समिति के समक्ष परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), शाहजहांपुर के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। अगर किसी कारणवश कोई अवकाश पड़ जाता है या कार्यालय बन्द होता है तो अगले कार्यदिवस में उसी समय निविदायें खोली जायेंगी।

परियोजना अधिकारी
जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा)
शाहजहांपुर

**आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**



**रामनरेश सिंह यादव**
प्रबन्धक
**सुधा यादव (प्रधानाचार्या)**
बचपन स्कूल, शाहजहांपुर




**कार्यालय नगर पंचायत कांट जनपद शाहजहांपुर**
**की ओर से आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

**आम जनता से अपील**

1. स्वच्छ भारत मिशन (स्वच्छ सर्वेक्षण 2024) के अन्तर्गत नगर पंचायत कांट को स्वच्छ रखने में सहयोग करें। 2. समय से जन्म मृत्यु पंजीकरण करायें। 3. गृहकर जल मूल्य समय से जमा करें। 4. पानी की टोंटी को खुला न छोड़ें जल ही जीवन है। 5. नगर पंचायत द्वारा लगवायें गये नीले डस्टबिन में सूखा व हरे डस्टबिन में गीला कूड़ा डालें। 6. घरों दुकानों व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर हरा व नीला डस्टबिन में कूड़ा एकत्र करें तथा सफाई कर्मी के आने पर कूड़ा उसे दें। 7. सफाई कर्मी के सफाई कार्य करने के उपरान्त सड़क पर कूड़ा न डालें व जुर्माने से बचें। 8. नगर पंचायत कांट की सीमान्तर्गत सभी होटल रेस्टोरेन्ट अस्पताल विद्यालय बारात घर स्वामियों को सूचित किया जाता है जिनका कचरा 15 दिन में 100 किग्रा. से ज्यादा है वह अपने गीले कूड़े का निस्तारण अपने ही परिसर में स्वयं करें। अन्यथा ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन 2016 के तहत अंकन रू. 1000/- जुर्माना वसूला जायेगा। 9. जो कम्पोजिट योग्य न हो ऐसी प्लास्टिक थर्मोकोल से बनी प्लेटें, कप गिलास, कांटे, चम्मच आदि का 01 जुलाई 2022 से प्रयोग प्रतिबन्धित कर दिया गया है। उक्त का प्रयोग पाये जाने पर नियमानुसार शुल्क / जुर्माना वसूल किया जायेगा।

| नूरजहां | मुनारा बेगम | उमेश प्रताप सिंह |
|---|---|---|
| अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष | जिलाधिकारी |
| नगर पंचायत कांट, शाहजहांपुर | नगर पंचायत कांट, शाहजहांपुर | नगर पंचायत कांट, शाहजहांपुर |

**डायरिया/दस्त के दौरान बच्चे की देखभाल**

- हर दस्त के बाद बच्चे को ओ.आर.एस का घोल पिलाएं।
- बीच-बीच में अन्य तरल पदार्थ जैसे चावल का माड़, छाछ या घर पर बना सब्जियों का सूप दें।
- साफ़-सफाई का विशेष ध्यान रखें।
- दस्त के गंभीर लक्षणों की निगरानी करते रहें।
- दस्त में आराम मिलने पर भी 14 दिनों तक जिंक की गोलियां अवश्य दें।

#StopDiarrhoeaCampaign

डायरिया रोको अभियान के दौरान आशा कार्यकर्त्री द्वारा हर घर का भ्रमण कर बच्चों की सूची तैयार की जायेगी और ओ.आर.एस व जिंक निःशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा।

Follow us on twitter.com/nhm_up facebook.com/NationalHealthMissionUttarPradesh youtube.com/NHMUPIEC nhm.up

**HAPPY INDEPENDENCE DAY**

Your Child's Foundation is as important as his safety. whom you take great pains to protect him. Its important you safe guard your child's future.At lead, We understand what's important for your child's future, and we provide it with a tender touch of love, with the state - of - the - art facilities, so that your child learns the easy way!

**INTERACTION / FACILITIES**

CBSE Curriculum, Hygienic Ambience, Transport Facility, L.C.D. Projector Room, Most Modern Class Room, Parents Teacher Orientation Session, Regular Medical Checkup. Practical Projects for mind building, Trained Qualified and friendly teachers, Informative and fun filled extra curricular activities, collection of reference book and CDS in the library. Reasonable fee structure.



Complete Child Care At......
**Lead CONVENT**
Where You Learn To Lead
LEAD CONVENT AMBITION TRADITION



आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**डॉ. आर.के. गौतम**
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
शाहजहांपुर

# आप सभी देशवासियों को 78वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं






आप सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ
(अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ)
जनपद शाखा, शाहजहाँपुर



ऋषिकान्त पाण्डेय (जिलाध्यक्ष)
डॉ. रत्नाकर दीक्षित (जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष)
भुवनेश गुप्ता (जिला कोषाध्यक्ष)
सुनील मौर्या (जिला महामंत्री)
सचिन मिश्रा (जिला संयुक्त मंत्री)
रिपुदमन सिंह यादव (जिला उपाध्यक्ष)
धीरज रस्तोगी (जिला उपाध्यक्ष)
पल्लवी गुप्ता (जिला संगठन मंत्री)
विक्रांत मिश्रा (जिला सचिव)

समस्त जनपदवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं



सैयद मुईनुद्दीन
अध्यक्ष-प्रबंध समिति

प्रो. मोहसिन हसन खान
प्राचार्य

गांधी फ़ैज़-ए-आम कॉलेज, शाहजहाँपुर

आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ, शाहजहांपुर



दिनेश कुमार गंगवार — मंडल अध्यक्ष
चंद्रकांत भारती — मंडल उपाध्यक्ष
मगरे लाल — जिला अध्यक्ष
सुभाष चंद मिश्रा — वरिष्ठ उपाध्यक्ष
विश्राम सिंह — महामंत्री
गौरव पांडे — कोषाध्यक्ष
चित्रेश यादव — मंत्री
राजेश बाबू सक्सेना — उपाध्यक्ष
गीता भारती — महिला उपाध्यक्ष
कमलेश गंगवार — संयुक्त मंत्री
मुहम्मद यासीन — संयुक्त मंत्री
बबलू पाल — संयुक्त मंत्री
विजयपाल — संयुक्त मंत्री
पुनीत मिश्रा — उपाध्यक्ष
महेन्द्र प्रताप सिंह वर्मा — संयुक्त मंत्री
अजय कुमार — अध्यक्ष ब्लॉक सिंधौली
शिव वरदानी — मंडल उपाध्यक्ष
बृजेश कुमार वर्मा — अध्यक्ष ब्लॉक भावलखेड़ा

आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रांतीय अनुसूचित जाति / जनजाति बेसिक शिक्षक संघ, शाहजहांपुर



सियाराम दिनकर — प्रदेश कोषाध्यक्ष
करूणाकर हंस — प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य
बृजेश कुमार वर्मा — प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य
हरिशचंद्र आनंद — मंडल अध्यक्ष
अजय वर्मा — जिला अध्यक्ष
विनोद कुमार — जिला महामंत्री
राजीव वर्मा — जिला कोषाध्यक्ष
विनोद सम्राट — वरिष्ठ उपाध्यक्ष
जितेन्द्र कुमार — जिला उपाध्यक्ष
वीरपाल सिंह — जिला उपाध्यक्ष
अखिलेश गौरव — जिला उपाध्यक्ष
महेन्द्र पाल कठेरिया — जिला उपाध्यक्ष
सच्चिन प्रेमी — जिला उपाध्यक्ष
ममता सम्राट — महिला उपाध्यक्ष
विमला देवी — महिला उपाध्यक्ष
सुधीर कुमार — जिला मंत्री
योगेश कुमार — जिला संयुक्त मंत्री
विपिन कुमार — जिला संयुक्त मंत्री
सुशील कुमार — जिला लेखाकार
डॉ. पवन सिंह दिनकर — जिला संगठन मंत्री
कर्मवीर सिंह — मीडिया प्रभारी


आप सभी देशवासियों को
78वें स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
15
AUGUST




समस्त जनपदवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अशोक
तिवारी
समाजसेवी
शाहजहांपुर


समस्त जनपदवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
M.C. इलैक्ट्रानिक्स
मल्टी ब्रान्ड शोरूम
सभी इलैक्ट्रानिक उत्पाद
रियायती दामों पर उपलब्ध।
अरूण शर्मा
सदर बाजार, शाहजहांपुर फोनः- 9616455325



समस्त जनपदवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
HOTEL THE ARK
BANQUET ROOMS RESTAURANT
Navada Indepur, NH- 24
Near Bareilly Mor Shajahanpur (U.P.)
6389840111


आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
कृषि उत्पादन
मंडी समिति
रोजा
विक्रम बाजपेई (सचिव)


आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
लोक निर्माण
विभाग प्रथम
विपिन यादव
(जेई)


आप सभी देशवासियों को
स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामौतार
जेई
रामपुर कलां/खुटार


आप सभी देशवासियों को
स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनुपम देवी
प्रधानाचार्या
प्राथमिक विद्यालय खुटार खास


आप सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
नमित दीक्षित
जिला मंत्री
भाजपा शाहजहांपुर
ब्लाक प्रमुख खुटार


BAJAJ
दुनिया की पहली
CNG मोटरसाइकिल आपके शाहजहांपुर में...
THE WORLD'S
1st CNG MOTORCYCLE
FREEDOM
RIDE THE CHANGE
BOOKING
OPEN@1999
DELIVERY START
FROM 15TH SEPTEMBER'24
HAPPY
INDEPENDENCE
DAY
बुकिंग के लिए
QR स्कैन करें
एकेसी बजाज
निकट सिविल कोर्ट, शाहजहांपुर. मो. 9984073666, 8429000438

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अनिर्वेदः श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्णः सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहने वाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

## संपादकीय

# विकसित राष्ट्र की ओर

भारत एक राष्ट्र के रूप में 78 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस मनाते हुए हम समय के साथ एक और वर्ष आगे बढ़ चुके होते हैं। हमने देश की आजादी के लिए बहुत बड़ी कीमत चुकाई है। इसलिए आजादी के पीछे के संघर्ष और बलिदान से लगभग अपरिचित युवा पीढ़ी को उसके मूल्य और उसे सहेजने के अपने दायित्व को ठीक से समझना चाहिए। भारत लोकतंत्र की जननी है और प्राचीन काल में भी हमारे यहां जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक संस्थाएं विद्यमान थीं। किन्तु लंबे समय तक चले औपनिवेशिक शासन ने लोकतांत्रिक संस्थाओं को मिटा दिया था। हमारा संविधान हमारा मार्गदर्शक दस्तावेज है। संविधान की प्रस्तावना में हमारे स्वाधीनता संग्राम के आदर्श समाहित हैं। भारत के लोकतंत्र की सफलता में संविधान ने एक मार्गदर्शक प्रकाश के रूप में रास्ता दिखाया है। संविधान में हमने संकल्प लिया कि हम भारत के सभी नागरिकों को 'न्याय, स्वतंत्रता, समानता के साथ-साथ गरिमापूर्ण और भाईचारे से परिपूर्ण जीवन' सुनिश्चित करेंगे। ये ऐसे संकल्प हैं जो सर्वविदित और निर्विवाद हैं। क्या बीते दशकों में हमने इन संकल्पों को सिद्ध करने की दिशा में गंभीर प्रयास किए हैं? क्या यही स्वतंत्रता है कि हम संकल्प लेते रहें, लेकिन उन्हें लागू करने के दायित्व से विमुख रहें? हमारा फर्ज और हमारा दायित्व क्या है यह हम अकसर भूल जाते हैं।

आज हम तकनीकी रूप से न केवल सुदृढ़ हुए बल्कि दक्ष भी हैं, तब भी युवा बेरोजगारी की दर का साल दर साल बढ़ते जाना चिंता का विषय है। इन वर्षों में देश ने बहुत प्रगति और विकास किया है। स्वतंत्रता के बाद के वर्षों में हम वैज्ञानिक एवं तकनीक की दिशा में प्रगति के कई पड़ाव पार करके प्रौद्योगिकी में एक अग्रणी देश बन गए हैं। वैश्विक स्तर पर आज भारत की एक विशेष पहचान है, लेकिन सामाजिक स्तर पर जो मजबूती और उन्नयन हो सकता था उसमें अभी काफी सुधार की गुंजाइश है। हालांकि देश ने नए संकल्पों के साथ 'अमृत काल' में प्रवेश किया है तथा भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हमारी आर्थिक प्रगति की इस यात्रा में समावेशी विकास पर जोर दिया जा रहा है। देश के अंतिम व्यक्ति तक संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों में इंगित मूलभूत सुविधाओं की पहुंच सहज, सरल और सुलभ हो, इसे हम अपनी प्राथमिकता में शामिल करें। सही अर्थों में यही हमारी सच्ची राष्ट्रीयता और स्वतंत्रता दिवस के जश्न की सार्थकता भी होगी।

# विकास यात्रा में श्रमिक योगदान


प्रो. मीना यादव
हिंदी विभाग, बरेली कॉलेज बरेली

उत्तर प्रदेश राज्य का बुन्देलखंड क्षेत्र पलायन जैसी समस्या का ज्वलंत उदाहरण है। देश के अन्य राज्यों की भी लगभग यही स्थिति है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले कुछ ही वर्षों में लगभग 80 लाख लोगों ने खेती किसानी छोड़कर गांवों से शहरों की ओर पलायन किया है। कृषक से श्रमिक में तब्दील हुए इस श्रमसाध्य वर्ग का जीवन सहज एवं सुखमय हो, ऐसा भी नहीं है।

पौराणिक काल से वर्तमान समय तक भारत अनेक झंझावातों से गुजरा हुआ आज विकास के शीर्ष पर है। राजा महाराजाओं का समय हो, या मुगल काल, अंग्रेजों का राज्य हो, या स्वतंत्र भारत का प्रजातंत्र हर कालखंड में यहां की जनता ने, यहां के शासक वर्ग ने, बुद्धिजीवियों ने, श्रमजीवियों ने, अपने-अपने तरह से इसके विकास में योगदान किया है। श्रमिक वर्ग एक ऐसा वर्ग है जो न्यूनतम आवश्यकताओं के साथ जीवन यापन करता है और विकास में अधिकतम योगदान देता है। साहित्यकार समाज का अंग होने के कारण अलग-अलग क्षेत्र से विषय वस्तु का चयन करते हुए यथासंभव अपने साहित्य का सृजन करता है। क्योंकि भारत एक श्रमसाध्य देश है, अतः साहित्यकारों ने श्रमिक जीवन पर पर्याप्त साहित्य लिखा है।

स्वतंत्र भारत का श्रमिक वर्ग आज भी अनेक चुनौतियों से सामना करते हुए अपने सुखी जीवन की आकांक्षा संजोए हुए है। आजादी से पूर्व और पश्चात् कई श्रमिक संघों की स्थापना हुई है और आज भी यह प्रक्रिया चल रही है। किन्तु इसके बावजूद श्रमिक वर्ग अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए अनवरत संघर्षरत हैं। पूंजी और सत्ता की जुगलबंदी से श्रमिकों के जीवन में ऐसी भीषण दुश्वारियां उत्पन्न हुई हैं कि उनका अस्तित्व ही खतरे में नजर आ रहा है। देश की तरक्की और विकास होने के बावजूद भी आम श्रमिक तबका अपने को निस्सहाय महसूस कर रहा है। पूंजीपति वर्ग अपनी पूंजी के बल पर बड़े-बड़े उद्योगों का विकास तो कर लिया है, लेकिन उन उद्योगों में काम करने वाले श्रमसाध्य वर्ग को नियमानुसार कोई लाभ अर्जित नहीं करा पा रहा है वरन उनकी मेहनत का दोहन करके अपना आर्थिक लक्ष्य पूर्ण करने में लगा हुआ है। उनका मुख्य उद्देश्य अधिकाधिक लाभ कमाना है। उन्हें श्रमिक वर्ग के जीने-मरने से कोई फर्क नहीं पड़ता। 'पूंजीवाद की अतिशयता से हमारा किसान समुदाय कृषि से दूर होता जा रहा है, अर्थात वह श्रमिक बनता जा रहा है। आज आजाद देश में कृषि संकट बहुत बड़ी समस्या बन गया है। भारत की एक बहुत बड़ी आबादी कृषक है जिसका जीवन कृषि पर ही अवलंबित है। परंतु वह भी आज स्वतंत्र भारत में विकल्पहीनता का शिकार हो गई है। वर्तमान समय में कृषि पर निर्भर किसानों के समक्ष दो ही विकल्प हैं- पहला विकल्प है कि वे स्वयं कृषि को बचाए रखने के लिए घाटे में रहकर लगातार खेती करते रहें। परन्तु तमाम कृषकों के लिए यह कदम आत्मघाती साबित होता है। घाटे में रहकर खेती करते रहना अत्यन्त दुष्कर है। ऐसी स्थिति उन्हें घोर निराशा की ओर ले जा रही है, जिससे वे निकलने की कोशिश करते हैं। पूंजी एवं सत्ता के जाल से निकलने के लिए वे लड़ते हैं, संघर्ष करते हैं। जो किसान अलग-थलग पड़ जाते हैं वे अंततः मारे जाते हैं जिसे आत्महत्या की संज्ञा से संबोधित किया जाता है। ये सत्ता, समाज, व्यवस्था द्वारा प्रायोजित हत्याएं लगती हैं। उनके आस-पास ऐसा वातावरण बना दिया जाता है कि वे अंततः आत्महत्या करने के लिए विवश हो जाते हैं। किसानों का एक बड़ा वर्ग एकताबद्ध, संगठित हो संघर्ष कर रहा है, आंदोलन कर रहा है। दूसरा विकल्प है कि खेती-किसानी छोड़कर वे जीवन निर्वाह के लिए रोजगार की तलाश में शहर की ओर पलायन कर जाएं। कृषि संकट एवं गांवों में रोजगार के अवसर उपलब्ध न होने के कारण बड़े स्तर पर गांवों से शहरों की ओर उनका पलायन जारी है जिसे सरकार भी रोकने में नाकामयाब है।

उत्तर प्रदेश राज्य का बुन्देलखंड क्षेत्र पलायन जैसी समस्या का ज्वलंत उदाहरण है। देश के अन्य राज्यों की भी लगभग यही स्थिति है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले कुछ ही वर्षों में लगभग 80 लाख लोगों ने खेती किसानी छोड़कर गांवों से शहरों की ओर पलायन किया है। कृषक से श्रमिक में तब्दील हुए इस श्रमसाध्य वर्ग का जीवन सहज एवं सुखमय हो, ऐसा भी नहीं है।


उत्तर प्रदेश राज्य का बुन्देलखंड क्षेत्र पलायन जैसी समस्या का ज्वलंत उदाहरण है। देश के अन्य राज्यों की भी लगभग यही स्थिति है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले कुछ ही वर्षों में लगभग 80 लाख लोगों ने खेती किसानी छोड़कर गांवों से शहरों की ओर पलायन किया है। कृषक से श्रमिक में तब्दील हुए इस श्रमसाध्य वर्ग का जीवन सहज एवं सुखमय हो, ऐसा भी नहीं है। खेती-किसानी छोड़कर बड़े-बड़े औद्योगिक नगरों में जाने पर उन्हें किसानी से भी बदतर सड़ांधपूर्ण नारकीय जिन्दगी नसीब होती है। इसके साथ ही शहरों में स्थापित उद्योगों में उन्हें छंटनी, हड़ताल, कम पारिश्रमिकता, रहन-सहन की किल्लत जैसी अनेक समस्याओं से भी सामना करना पड़ता है।

खेती-किसानी छोड़कर बड़े-बड़े औद्योगिक नगरों में जाने पर उन्हें किसानी से भी बदतर सड़ांधपूर्ण नारकीय जिन्दगी नसीब होती है। इसके साथ ही शहरों में स्थापित उद्योगों में उन्हें छंटनी, हड़ताल, कम पारिश्रमिकता, रहन-सहन की किल्लत जैसी अनेक समस्याओं से भी सामना करना पड़ता है। किसान से मजदूर बनना ही यह प्रक्रिया बड़ी पीड़ादायक होती है। अत्यंत दुखद स्थिति है कि आज लगभग प्रत्येक छोटे किसान को जो श्रमिक में रूपांतरित हुआ है, इस दर्द से गुजरना पड़ रहा है। यह हमारे देश का दुर्भाग्य ही है कि जहां एक तरफ विकास के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, वहीं श्रमिक वर्ग के जीवन की न्यूनतम आवश्यकताएं भी पूरी नहीं हो पाती हैं। सरकार की तमाम नीतियों और बड़े-बड़े दावों, वादों के बावजूद उनके जीवन में कोई सकारात्मक सुधार देखने को नहीं मिलता। श्रमिक वर्ग के जीवन की ये चुनौतियां तथा उनके अस्तित्व का यह संकट अचानक नहीं उत्पन्न हुआ है और न ही ऐसी परिस्थितियां एकाएक उत्पन्न हुई हैं। श्रमिकों की ये सभी समस्याएं आजादी के पूर्व ही जन्म ले चुकी थीं। भारत में विदेशी हुकूमत के आगमन से देश के पुराने छोटे-मोटे उद्योग धंधे नष्ट हो गए थे। उनकी जगह पर विदेशी औद्योगिकीकरण का विकास हुआ। शिल्पकार, बढ़ई, नाई आदि लोगों को भूमि पर निर्भर रहना पड़ा। किन्तु खेती भी स्वामित्व का दर्जा ग्रहण कर चुकी थी जिसके फलस्वरूप उसका क्रय-विक्रय करना संभव हो गया था। छोटे-छोटे किसान कर्ज और लगान का बोझ उठाने में असमर्थ हो गए और भूमि जमींदारों और महाजनों के हाथों में चली गयी। फलतः किसान, कृषि श्रमिक, औद्योगिक श्रमिक और बंधुआ मजदूर बनने को बाध्य हो गए। अंग्रेजों की कूटनीतिक चाल की छाप आज भी हमारे देश के पूंजीपतियों पर स्पष्ट दिखाई देती है। आखिर उनकी कौन सी समस्याएं हैं जो उन्हें मजदूरी से पीछा नहीं छुड़ाती? क्या श्रमिक वर्ग ईमानदारी से श्रम नहीं करता या इनके श्रम से पूंजीपति मालिकों का कोई लाभ नहीं होता? मेहनतकश लोगों के जीवन संकट की वास्तविकता एवं उनकी समस्याओं को गहराई से जानने, समझने की दिशा में बढ़ने से पहले यह अनिवार्य हो जाता है कि देश में 1990 के आर्थिक उदारीकरण, निजीकरण एवं भूमंडलीकरण की भूमिका को समझा जाए। इस नई वैश्विक व्यवस्था को लागू हुए तीसरा दशक ही पूरा हुआ है और इसके भयंकर दुष्परिणाम हमारे सामने हैं। उदाहरण के लिए भारतीय कृषि को देख सकते हैं जिसके कारण कृषक तबकों के पलायन में बढ़ोतरी हुई है। भूमंडलीकरण से सिर्फ भारतीय कृषि पर ही संकट नहीं आया, बल्कि दुनिया के अनेक गरीब देशों की भी कृषि व्यवस्था इससे तबाह हुई है।

वर्तमान समय में तेजी से बढ़ते औद्योगीकरण ने जहां एक ओर किसानों को उनकी खेती के योग्य जमीन से बेदखल किया, तो वहीं दूसरी तरफ विभिन्न औद्योगिक तकनीकी उपकरणों ने श्रमिक वर्ग को मानों अपंग सा कर दिया है। पहले जब उद्योगों में मशीनों का आगमन नहीं हुआ था, तब श्रमिकों को भारी तादाद में काम आसानी से मिल जाता था तथा उनके जान-माल का ज्यादा खतरा भी नहीं था। लेकिन मशीनों के आगमन से श्रमिकों के जीवन में बेरोजगारी की समस्या भी उत्पन्न हो गई। औद्योगिक क्षेत्रों में मशीनों के आगमन से श्रमिक वर्ग में उपजे असंतोष तथा बढ़ती बेरोजगारी, बेकारी का चित्रण करते हुए राजेश झरपुरे अपने उपन्यास 'कबिरा आप ठगाइये' में लिखते हैं- "कम वेतन, अधिक काम उनके असन्तोष का प्रमुख कारण था, पर वे सब विवश थे। वे सब अपने असंतोष को लेकर किसी तरह का विरोध भी प्रकट नहीं कर सकते थे। उनके द्वारा हाथ खींच लेने से कोयला खदानों का उत्पादन ठप हो जाता था और वे यह काम उस वक्त अधिक करते जब देश में कोयले की जरूरत ज्यादा होती, इसलिए मैनेजमेंट ने खदानों में कोयला लोड करने वाली मशीन उतरवाकर उनके हाथ ही काट दिए।"

## प्रसंगवश

# स्वतंत्रता के संकल्प


जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

स्वतंत्रता दिवस का दिन हमारी आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति का दिन है। यह दिन यह विचारने का है कि 150 वर्षों की औपनिवेशिक सत्ता के वो क्या बीज तत्व आज भी मौजूद हैं जो भारत के लोगों की प्रगति में बाधक हैं। यह दिन यह विचारने का है कि भारत स्वाधीन हुआ है या स्वतंत्र? यह दिन यह विचारने का है कि संविधान के किन किन विषयों को वक्त की जरूरत के हिसाब से बदला जा सकता है। यह दिन यह विचारने का है कि राष्ट्र विकास की प्रक्रिया में संविधान में और क्या बेहतर परिवर्तन किए जा सकते हैं जिससे अंतिम पंक्ति में बैठा व्यक्ति भी राष्ट्र विकास में सहायक हो सके। यह दिन उन विमर्शों को केंद्र बिंदु में लाने का दिन है जिन विमर्शों को हमारी संविधान सभा में किया गया था। हालांकि जो कतिपय कारणों से बाद में संविधान का हिस्सा भी न बन पाए थे।

आज फिर 21 वीं सदी के भारत के सामने वो विषय प्रमुखता से सामने आ रहे हैं। यह दिन इस चिंतन का भी मौका देता है कि राष्ट्र निर्माण में हमारे किन मूल भारतीय तत्वों का लोप हो गया और कौन से तत्वों का लबादा हमें भूमंडलीकरण और छवि निर्माण के चलते छोड़ना पड़ा। स्वतंत्रता दिवस की पूर्वपीठिका में, भगवत कृपा को प्राप्त राष्ट्र में, संविधान में वर्णित हमारी विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को संविधान प्रदत्त शक्तियों के दायरे में रहने और एक दूसरे के कार्यों में दखल न देने की प्रेरणा मिले, हमारी राज्य सरकारें अपनी-अपनी डफली अपना अपना राग छोड़कर केंद्र की योजनाओं में सक्रियता से कार्य कर सहकारी संघवाद को बढ़ावा दें और देश का आम नागरिक अपने नागरिक कर्तव्यों को समझकर तदनुसार कार्य करे, इस स्वतंत्रता दिवस पर कम से कम यह उम्मीद तो कर ही सकते हैं।

अपनी अपनी गुहा में रहने के अभ्यस्त हम लोग भूलने की बीमारी से ऐसे ग्रसित हो चुके हैं। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में खुद को देखते हम लोगों की लगभग 35 प्रतिशत आबादी तो वोट ही करना भूल जाती है। जनता का, जनता द्वारा, और जनता के लिए शासन हो ऐसी आदर्श लोकतंत्र की परिभाषाएं भी जनमानस के स्मृति पटल से निकल जाती है। और इस प्रकार लोकतंत्र में मसलन चुनावों से चंद दिनों पूर्व रातों में सबकुछ भूल जाने की प्रवृति वाली जनता को ऐतिहासिक सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक और लैंगिक विषयों को समझाने का दौर चलता है।

राष्ट्रीय महत्व के दिनों में हमारे अंदर का देशभक्त, अपनी प्रोफाइल पिक्चर में तिरंगा लगाने से लेकर, गाल में तिरंगे वाले टैटू के लिए जग जाता है। देशभक्ति गीतों की आवाज से हौले से उठने वाले रौंगटे को महसूस करने के अभ्यस्त हम लोग उन खबरों, उन विषयों पर बात तक करना मुनासिब नहीं सोचते जो हमारे भविष्य के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आधार है। और फिर किसी एक दिन जब देश में कही दुर्घटना हो जाती है तो हम सब जागने का स्वांग करने लगते हैं। अचानक से हमारे तंत्र का हर एक पुर्जा सक्रिय हो जाता है। दिवस विशेष, आधारित चिंतन परंपरा, भारत में भी अब प्रायः देखने को मिल रही है। कुछ दिनों पहले एक कवि ने कहा था-धूल साफ कर जो तस्वीरें शान से आज सजाई हैं, इससे पहले इनकी याद किसे, कहां और कब आई है?

आज दिन विशेष को महत्व देने वाली पीढ़ी, फादर्स डे, मदर्स डे, फ्रेंड्स डे, अर्थ डे आदि के बौद्धिक मकड़जाल में फंसकर शाश्वत रूप से इन विषयों में सोचना धीरे-धीरे कम कर रही है। विविधता वाले तथाकथित सपेरों के देश में दैवीय नियतिवाद का स्थान कर्मवाद ने जरूर लिया है। तभी विश्व की सबसे विकसित ताकतों में आज हम शामिल हैं लेकिन अभी भी गांधी जी के तीनों मूल मंत्रों बुरा मत देखो, बुरा मत कहो और बुरा मत सुनो को हम लोग अपने स्वार्थपरक नजरिए से तोड़ते मरोड़ते रहते हैं। भारत की सामासिक संस्कृति में चिंतन प्रक्रिया को सतत मानते हुए ही समाज सुधारकों, देशभक्तों ने स्वर्णिम अतीत से प्रेरणा ग्रहण की थी। चिंतन के आधार पर विमर्शों से प्राप्त बिंदुओं को, ध्यान में रखते हुए कर्तव्य निर्धारण करने वाले मतवालों, का दौर अब चला गया है। आज चिंतन महज खानापूर्ति का जरिया बन चुका है। आज भारत के लोग गुम होते जा रहे हैं। गुम ऐसे कि विवेकानंद जी के ध्यान के दृष्टांत भी फीके पड़ जाएं। भ्रष्टाचार, बलात्कार, आदि जघन्य अपराधों और पर्यावरण के साथ-साथ मेघों और वर्षा के बदलते भयावह रंगों में भी यहां के आत्ममुग्ध स्वकेंद्रित लोग गुम ही रहते हैं।

# कर्तव्यबोध ही असली देशभक्ति


डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

यह निर्विवाद सत्य है कि स्वयं के विकास या परिवार-समाज-राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान नागरिकों के कर्तव्यबोधात्मक भावों एवं आचरणों का ही होता है।

भारत अपना 78 वां स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए तैयार है और शताब्दी वर्ष 2047 में विकसित भारत का सपना लेकर आगे बढ़ रहा है लेकिन यह प्रत्येक भारतीय नागरिक के कर्तव्यबोध के बिना संभव नहीं है। व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्र का विकास भी कर्तव्यबोध की भावना से ही संभव होता है। कर्तव्य बोध के सिद्धान्त का आचरण करके ही वास्तविक देशभक्ति सम्भाव्य है, जिसमें अनीति, असत्य भ्रष्टाचार, कर्तव्यहीनता के लिए कोई स्थान नहीं है। यह देखा गया है कि कर्तव्यहीन नागरिकों के देश में राष्ट्र अवनति की ओर बढ़ता है और कर्तव्यबोध भावना के बलिष्ठ होने पर राष्ट्र आध्यात्मिक एवं भौतिक दोनों उन्नतियों की ओर बढ़ा चला जाता है, इतिहास इसका साक्षी रहा है। समग्र भारतीय दर्शन, श्रीमद्भगवद्गीता, वेद, उपनिषदों में स्थान-स्थान पर कर्मसिद्धान्त एवं कर्मबोध का प्रतिपादन किया है और ऋग्वेद के ऐतरेय आरण्यक में तो चरैवेति चरैवेति सिद्धान्त को वर्णित करके नागरिकों के लिए स्वविकास के साथ श्रेष्ठ देशभक्ति का संदेश दिया है जो राष्ट्रीय पर्वों की गीत-संगीत की ध्वनियों, जयघोषों एवं प्रतीकों से भी अनुभव होता है।

स्वतंत्रता प्राप्ति एवं भारतीय संविधान के लागू होने के पश्चात प्रतिवर्ष राष्ट्रीय पर्व के रूप में स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस प्रत्येक शैक्षणिक संस्थाओं एवं सरकारी कार्यालयों में शानदार देशभक्ति भावना से युक्त होकर आयोजित होते हैं। साथ ही 2 अक्टूबर को गांधी जयंती-लालबहादुर शास्त्री जयंती भी राष्ट्रीय पर्व के रूप में आयोजित होती हैं। इन राष्ट्रीय पर्वों में रंग-बिरंगे परिधान के साथ हाथ में राष्ट्रीय ध्वज फहरा करके भारत माता एवं देश के कर्तव्यबोध को अपने जीवन का मूलस्रोत मानने वाले महापुरुषों का स्मरण करते हुए देशभक्ति में लीन हो जाते हैं।

यह निर्विवाद सत्य है कि स्वयं के विकास या परिवार-समाज-राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान नागरिकों के कर्तव्य बोधात्मक भावों एवं आचरणों का ही होता है। देश की समृद्धि एवं विकास के लिए 365 दिनों तक चलने वाली कर्तव्य बोधात्मक देशभक्ति परिपालनीय होती है जिसकी शिक्षा, ऊर्जा हमको राष्ट्रीय पर्वों एवं महापुरुषों के जीवन चरित्र का अध्ययन करते हुए ही प्राप्त होती हैं। अक्सर यह रूढ़िगत मान लिया जाता है कि सीमाओं में सुरक्षा करने वाला या सीमा सुरक्षा में देश के लिए शहीद होने वाला सैनिक ही वास्तविक देशभक्त है या राष्ट्रीय राजनीति के उच्च पदों को विभूषित करने वाले राजनेता ही सच्चे देशभक्त हैं लेकिन इसके विपरीत यह परम राष्ट्र सत्य है कि अपने-अपने क्षेत्र में कर्तव्यबोध शील प्रत्येक नागरिक देशभक्त है और राष्ट्र की प्रगति में सहायक है और दूसरी तरफ कर्तव्यहीन नागरिक देश की प्रगति में बाधक है।

देश के प्रत्येक नागरिक को वह चाहे सरकारी, अर्धसरकारी या निजी किसी भी क्षेत्र में सेवारत हो उसको राष्ट्रीय पर्वों के जयघोषों, ऊर्जा-उत्साह से तथा महापुरुषों के त्याग, तपस्या एवं बलिदान से शिक्षा लेकर अपने कार्यक्षेत्र/कर्मक्षेत्र में अनुशासन पूर्वक आजीवन सकारात्मक भावनाओं से युक्त होते हुए कर्तव्यबोध को समझना राष्ट्रीय पर्वों एवं तिरंगा यात्राओं का मूल उद्देश्य एवं निष्कर्ष होना चाहिए।

गुरुकुल कालीन भारतीय शिक्षा पद्धति के अभाव और लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति के प्रभाव के कारण आज देश में कर्तव्यबोध की घटित भावनाएं प्रतिपग में देखी एवं अनुभव की जा सकती हैं क्योंकि शिक्षा का मूल उद्देश्य व्यक्तित्व निर्माण, ज्ञान प्राप्ति, चरित्र निर्माण के स्थान पर केवल आजीविका प्राप्ति रह गया है और शिक्षा प्रदाताओं के द्वारा यही शिक्षा अपने छात्रों को दी जा रही है और आधुनिक शिक्षा के प्रभाव से अभिभावकों की भी यही अपेक्षा बढ़ रही है लेकिन राष्ट्र निर्माण में इन राष्ट्रीय पर्व और तिरंगा यात्राएं एक राष्ट्रोपयोगी चर्चा का विषय भी होनी चाहिए।

भारतीय संविधान के निर्माताओं के द्वारा विनिर्मित संविधान की मूल भावना को साकार करते हुए, समाज में बढ़ रही आर्थिक असमानता को दूर करने के लिए, समाजवाद को साकार करने के लिए संविधान सम्मत व्यापक राष्ट्रीय मुद्दों, चुनौतियों एवं सर्वविध विकास के सन्दर्भ में नीति, कानून बनाकर भ्रष्टाचार मुक्त धरातल में उनका उचित क्रियान्वयन करते हुए देश के विकास में योगदान देना ही चाहिए। यही परम देशभक्ति है। यही राष्ट्रीय पर्वों की प्रासंगिकता भी है और यही शैक्षणिक संस्थाओं एवं अन्य संस्थाओं में सभी के द्वारा आचरणीय है।

## सोशल फोरम

# बेसुरी आज़ादी


देश देह है और राष्ट्र उसकी आत्मा। समय की कसौटी पर देश नहीं, राष्ट्र स्थायी होते हैं। दुनिया के नक्शे पर हम देश तो हैं, राष्ट्र आज तक नहीं बन पाए।


ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

भौगोलिक सीमाओं से घिरे जमीन के टुकड़ों से सिर्फ देश बनते हैं। देश स्थायी नहीं होते। समय के साथ देशों की सीमाएं भी बदलती हैं और स्वरुप भी। असंख्य रियासतों में बंटे हमारे देश का वर्तमान स्वरुप भी अंग्रेजों की साम्राज्यवादी नीतियों और आजादी के बाद देशी रियासतों के भारत में विलय की अथक कोशिशों का नतीजा है। राष्ट्र देश से अलग ही चीज है। राष्ट्र बनता है देश की भौगोलिक सीमाओं में मौजूद विभिन्न धर्मों, जातियों, सभ्यताओं, संस्कृतियों और आस्थाओं के लोगों के बीच प्रेम, भाईचारे, समझदारी, भरोसे और हजारों विविधताओं के बीच से उठती एकता की अंतर्ध्वनि से। देश देह है और राष्ट्र उसकी आत्मा। समय की कसौटी पर देश नहीं, राष्ट्र स्थायी होते हैं। दुनिया के नक्शे पर हम देश तो हैं, राष्ट्र आज तक नहीं बन पाए। राष्ट्र न बनने की कीमत हम आजादी के बाद तीन टुकड़ों में बंटकर अदा कर चुके हैं। कश्मीर में हम आज इसी की कीमत चुका रहे हैं। देश के कई दूसरे हिस्सों के भी हिन्दू राष्ट्र, मुस्लिम राष्ट्र, दलित राष्ट्र में विभाजन की प्रक्रिया तेज हुई है। आज सियासी लाभ के लिए राष्ट्रीयता की छद्म और आत्मघाती परिभाषाएं गढ़ी जा रही हैं। लगभग सभी सियासी दल अपना जनाधार बचाने-बढ़ाने के लिए धर्मों, जातियों और यहां तक कि हमारी मूर्खताओं के आधार पर भी हमें गोलबंद कर रहे हैं। सोचना हमें है कि एक दूसरे के प्रति विद्वेष पालकर, एक दूसरे की आस्थाओं पर चोट कर, आपसी अविश्वास को हवा देकर और अपने देश में गृहयुद्ध का माहौल बनाकर हम हासिल क्या करना चाहते हैं? हम इतने मासूम या मूर्ख क्यों हैं कि हम चाहे या अनचाहे सियासत और मज़हब के धूर्तों और मक्कारों के हाथों की कठपुतली बनते रहे हैं? आजादी के इतने अरसे बाद भी हम क्यों एक राष्ट्र नहीं बन सके हैं? एकात्मकता का आंतरिक संगीत नहीं है तो आज देश की आज़ादी भी बेसुरी लगने लगी है।

-फेसबुक वॉल से

# बादल फटना : तबाही का कारण



डॉ. राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

क्या होता है यह 'बादल फटना'। क्या बादल पानी से भरी हुई गुब्बारे जैसी कोई रचना होती है जो फट जाती है और उसका पानी नीचे गिर जाता है? अनेक मौसम संबंधी घटनाओं के कारण तूफानों में पानी की वाष्प से भरी हुई गर्म हवाएं बहुत तेजी से ऊपर उठती हैं। पहाड़ी स्थल पर ऐसा होने पर पहाड़ की ढाल इसमें सहायक सिद्ध होती है। गर्म हवाओं के इस प्रकार पहाड़ी ढलानों पर ऊपर उठने को 'ओरोग्राफिक लिफ्ट' कहते हैं। ऊंचाई पर जाकर 'एडियाबेटिक फैलाव' के कारण यह हवा फैल जाती है और इसलिए ठंडी हो जाती है। इसके ठंडी होने के कारण इसमें मौजूद जलवाष्प हवा में मौजूद बहुत से छोटे-छोटे धूल कणों पर द्रवीभूत और संघनित होकर पानी की बहुत छोटी-छोटी बूंदों में बदल जाती है। ये बूंदें इतनी छोटी होती हैं कि हवा के अणुओं के इनसे टकराने से और नीचे से आती हुई गर्म हवा के कारण ये नीचे नहीं गिर पाती हैं और पानी हवा की ऊपरी सतहों में इकट्ठा होता रहता है और छोटी बूंदें आपस में मिल कर बड़ी बूंदें बनती रहती हैं। ये बूंदें इतनी छोटी होती हैं कि तीन मिलीमीटर व्यास की एक मध्यम आकार की बूंद बनाने के लिए 10 लाख छोटी बूंदों को आपस में जुड़ना होता है। जल वाष्प के द्रवीभूत होने से शीघ्र ही बहुत सारा पानी कुछ वर्ग किलोमीटर के थोड़े से स्थान पर 'क्यूमुलोनिम्बस बादलों' के रूप में हवा में एकत्र हो जाता है। ये बादल एक गोभी की आकृति के होते हैं जिनमें नीचे एक तना और ऊपर फैला हुआ हिस्सा दिखाई पड़ता है। इनका ऊपरी हिस्सा काफी ऊंचाई तक पहुंचता है- यह करीब 15 किलोमीटर की ऊंचाई तक पहुंच सकता है। ये बादल देखने में कुछ-कुछ परमाणु धमाके के कुकुरमुत्ते की शक्ल के दिखाई पड़ते हैं।

नीचे से गर्म हवा आनी बंद होने के कारण ओरोग्राफिक लिफ्ट बंद होने पर, अथवा बूंदों के इतने बड़े हो जाने पर कि नीचे से आती हुई और ऊपर उठती हुई हवा उन्हें नीचे गिरने से रोक नहीं सकती हो, ऊपर इकट्ठा यह बहुत सारा पानी एक साथ ही नीचे गिर जाता है और इसे ही 'बादल फटना' कहते हैं।

मौसम विज्ञान के अनुसार 1 घंटे में 100 मिलीमीटर या उससे अधिक वर्षा होने को बादल फटना कहते हैं। 100 मिलीमीटर का अर्थ हुआ-10 सेंटीमीटर अर्थात 4 इंच। लेकिन बादल फटने में एक मिनट में डेढ़ से दो इंच तक वर्षा भी हो सकती है। कृपया ध्यान दीजिए- 1 घंटे में नहीं, 1 मिनट में। 1 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में प्रति मिनट 2 इंच वर्षा होने का अर्थ है- लगभग पचास हजार टन पानी का एक मिनट में नीचे गिर जाना। 10 वर्ग किलोमीटर में प्रति मिनट 2 इंच वर्षा का अर्थ है प्रति मिनट 5 लाख टन पानी का नीचे गिर जाना। यदि ऐसी वर्षा आधा घंटा भी चलती है तो हम नीचे गिरने वाले पानी की मात्रा का अनुमान लगा सकते हैं। इतिहास में अनेक प्रसिद्ध बादल फटने की घटनाएं हुई हैं, जिन्होंने जान-माल का बहुत नुकसान किया है। कोलोराडो में सन 1976 में बादल फटने के कारण एक घाटी के बहुत छोटे से क्षेत्र में चार घंटे में 5 करोड़ टन पानी नीचे गिरा था। इन प्राकृतिक मौसमी कारणों के कारकों को रोकना मनुष्य की वर्तमान क्षमता में नहीं है। इनसे बचने के लिए यही किया जा सकता है कि यदि पहाड़ी स्थल में हम क्युमोलोनिम्बस बादलों को इकट्ठा होते हुए देखें तो हम किसी सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। यह सुरक्षित स्थान कोई ऊंची जगह अथवा ऐसा स्थान हो सकता है जहां पानी न पहुंच पाए।

# आजादी के जश्न में यह भी हुआ


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

14 अगस्त की ऐतिहासिक रात्रि से अगले दिन तक देश में बहुत कुछ हुआ। तमाम महत्वपूर्ण घटनाएं हुईं। अनेक रोचक बातें भी हुईं। देहात के भोले किसान अपने बच्चों को समझा रहे थे कि अब खेतों में फसल ज्यादा हुआ करेगी, ग्वालों ने पत्नियों से कहा अब गायें ज्यादा दूध देंगी, क्योंकि आजादी मिल गई है। लोगों ने बसों में टिकट खरीदने से मना कर दिया, कहा "भला आजाद मुल्क में कहीं टिकट लगा करते हैं"? दिल्ली में आजादी का जश्न देखने आया एक भिखारी उस विभाग में दाखिल होने लगा, जो विदेशी राजनयिकों के लिए आरक्षित था। सिपाही के यह पूछने पर कि 'आपका आमंत्रण कहां है'? तो, लैरी कोलिंस व दामिनिक लैपियर कहते हैं, उसने कहा 'कैसा आमंत्रण? हम आजाद हो गए हैं। जश्न देखने लोग पैदल, विभिन्न सवारियों पर, यहां तक कि गधों पर आए। सब लोग एक दूसरे को 'आजाद साहब' कहकर अभिवादन कर रहे थे। लखनऊ की रेजीडेंसी में होने वाले ध्वजारोहण के लिए छापे गए आमंत्रण पत्र में लिखा था, "नेशनल ड्रेस धोतियों का स्वागत है"। कलकत्ते में झोपड़पट्टी निवासियों की एक भीड़ गवर्नर के सरकारी आवास में घुस गई। उस समय अंतिम ब्रिटिश गवर्नर सर फ्रेडरिक बरोज सपत्नीक नाश्ते पर बैठे थे। उनके देखते देखते यह उन औसत भारतीयों की भीड़, जिन्होंने शयन के लिए खटहटी खटिया ही देखी थी, उनके शयन कक्ष में घुसी और लपालप मखमली गद्दों पर उछल कूद करने लगे। इस बिस्तर पर अभी थोड़ी देर पहले तक गवर्नराइन सोईं थीं। पुरानी दिल्ली मे कुछ इलाकों में मुस्लिम लीग के उन्मादियों द्वारा एक नारा बुदबुदाया जा रहा था, "हँस कर लिया है पाकिस्तान। लड़कर लेंगे हिंदुस्तान"। विभाजित भारत के उस पार प्रतिशोध की ज्वाला जल रही थी, लेकिन इस पार एक दूसरी शांतिमयी ज्वाला थी, डा. राजेंद्रप्रसाद के आवास के बगीचे में वैदिक मंत्रों की ध्वनि से हवन हो रहा था। इस स्वतंत्रता के कारक गांधी जी विभाजन से दुःखी होकर कोप भवन में कलकत्ता के हैदरी हाउस में थे। उन्होंने प्रार्थना सभा में कहा, "आजादी का ऐसा आगमन मुझे आनंदित नहीं कर रहा। मैं उपवास करूंगा। भारत के कल्याण के लिए प्रार्थना करूंगा। चरखा कातूंगा। आप लोग भी ऐसा ही करिए'।

आप सभी देशवासियों को
78वें स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं



आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**कौमी उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ, शाहजहांपुर**

मोहम्मद नफीस खां – जिला अध्यक्ष
इरफान महमूद – जिला कोषाध्यक्ष
मो. कमर खां – जिला मंत्री

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन**

राज कमल आर्य – जिला अध्यक्ष
आनंद बाजपेई – जिला महामंत्री
मुहम्मद शाहनवाज असलम – जिला कोषाध्यक्ष
सईद अहमद – वरिष्ठ उपाध्यक्ष

आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

**उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, शाहजहांपुर**

संजय सिंह – प्रांतीय महामंत्री
अर्चना तिवारी – प्रांतीय संगठन मंत्री
मुनीश मिश्रा – का. जिलाध्यक्ष
देवेश कुमार बाजपेई – जिला मंत्री
रविन्द्र पाल प्रजापति – जिला कोषाध्यक्ष
प्रेमलता शुक्ला – जिला उपाध्यक्ष
नितिन मिश्रा – संगठन मंत्री
गीता शुक्ला – जिला संगठन मंत्री
यशपाल सिंह यादव – जिला उपाध्यक्ष/अध्यक्ष कांट
राजकुमार तिवारी – जिला मीडिया प्रभारी/अध्यक्ष भावलखेड़ा
डॉ. विनय गुप्ता – जिला संयुक्त मंत्री
सुषमा गुप्ता – जिला प्रचार मंत्री
नवेंदु मिश्रा – अध्यक्ष सिंधौली
विकास मिश्रा – अध्यक्ष मिर्जापुर
शिवकिशोर मिश्र – अध्यक्ष बण्डा
अनुज कुमार सिंह – तहसील प्रभारी सदर
अवनीश यादव – अध्यक्ष कलान
प्रमोद सिंह – अध्यक्ष खुटार
धर्मेन्द्र सिंह – अध्यक्ष मदनापुर
अश्विनी अवस्थी – अध्यक्ष पुवायां
आदेश सिंह तोमर – अध्यक्ष जैतीपुर
इमरान सईद – महानगर अध्यक्ष
राजकुमार सिंह – अध्यक्ष जलालाबाद
आनंद गंगवार – अध्यक्ष तिलहर
अरविंद चौहान – अध्यक्ष कटरा खुदागंज
विजय प्रताप सिंह – अध्यक्ष निगोही

आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

**राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (प्राथमिक संवर्ग) जनपद शाहजहांपुर**

धर्मेन्द्र कुमार शर्मा – जिला अध्यक्ष
वीर बहादुर गंगवार – जिला संरक्षक
महेन्द्र सिंह – जिला महामंत्री
अंकुर त्रिपाठी – जिला संगठन मंत्री
अवधेश कुमार मैथिल – जिला कोषाध्यक्ष
श्रेयश चंद्र सक्सेना – जिला मीडिया प्रभारी
दीपेन्द्र सिंह – जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष
अमित भटनागर – जिला सह संगठन मंत्री
आदित्य सिंह – जिला सह संगठन मंत्री
सुनीता चंद्रा – जिला महिला उपाध्यक्ष
रंजना पाल – जिला महिला उपाध्यक्ष
नैंसी नूतन – जिला महिला उपाध्यक्ष
अम्बिका श्रीवास्तव – जिला महिला उपाध्यक्ष
पूनम दुबे – जिला महिला उपाध्यक्ष
देवेश शुक्ला – जिला उपाध्यक्ष
मदन गोपाल – जिला उपाध्यक्ष
पंकज कुमार – जिला उपाध्यक्ष
उपेंद्र गुप्ता – जिला उपाध्यक्ष
अवनि कुमार दीक्षित – जिला संयुक्त मंत्री
हेमन्त कुमार – जिला संयुक्त मंत्री
अमित गुप्ता – जिला संयुक्त मंत्री
सर्वेश गंगवार – ब्लॉक अध्यक्ष तिलहर
अनुराग मोहन – ब्लॉक अध्यक्ष जैतीपुर
सुमित कठेरिया – ब्लाक अध्यक्ष निगोही
नवनीत सक्सेना – ब्लॉक अध्यक्ष ददरौल
गौरवेंद्र यादव – ब्लॉक अध्यक्ष कांट
रामदयाल तिवारी – ब्लॉक अध्यक्ष खुटार
संजीव राठौर – ब्लॉक संयोजक मिर्जापुर
रमेश शुक्ला – ब्लॉक अध्यक्ष, पुवायां
सन्तोष सिंह – ब्लॉक अध्यक्ष, कटरा खुदागंज
हिमांशु दीक्षित – नगर संयोजक
नरेश कुमार – ब्लाक महामंत्री, जलालाबाद
वीरपाल सिंह – ब्लाक अध्यक्ष, भावलखेड़ा
कुलदीप कुमार गुप्ता – ब्लाक अध्यक्ष, मदनापुर

# आप सभी देशवासियों को 78वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

15 AUGUST



स्वतंत्रता दिवस पर "प्रेरणा" पत्रिका के पुलिस विशेषांक प्रकाशन पर हार्दिक बधाई
इण्डेन गैस एजेन्सी
प्रबंधक
विनीत कुशवाह
मो0 7570049222
श्री रामलीला रोड, पुवायाँ (शाहजहाँपुर)

भारतीय किसान यूनियन (किसान सरकार)
की ओर से सभी प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पवन कश्यप
राष्ट्रीय अध्यक्ष
M. 9140700166, 8858510143 kashyappawan39@gmail.com
भारतीय किसान यूनियन (किसान सरकार)

आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मारवा मॉडल स्कूल
खुटार रोड, पुवायां
तारा सिंह- डायरेक्टर

आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विकास शुक्ला
नगर उपाध्यक्ष भाजपा
पुवायां

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
किसानों की पहली पसन्द
नंदा ट्राली
हमारे यहां सभी प्रकार की ट्राली जैसे छोटी ट्राली, सादा ट्राली , प्रेशर ट्राली, पंजाब मॉडल ट्राली उपलब्ध है।
78 रु. प्रति किलो से शुरु
नंदा ब्रादर्स बंडा रोड पुवायां (शाहजहांपुर)
मो. 9918511111, 9628911111, 8081362210

आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जसवंत फिलिंग स्टेशन
शाहजहांपुर रोड- पुवायां
जसवंत सिंह
मो. 9415035812, 9956927204

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विक्रेता : चारा मशीने एवं तलवंडी के बने हैरो कल्टीवेटर, लेवलर
शाहजहाँपुर रोड, पुवायाँ
प्रो. कुलवन्त सिंह बलजीत सिंह 9415489389
पुवायाँ फिलिंग स्टेशन
भटपुरा, चंदू, शाहजहाँपुर रोड, पुवायाँ मो. 9450412249
एच.के. ट्रेडर्स
तलवंडी से बने कृषि यन्त्र शक्तिमान रोटावेटर एवं न्यू विश्वकर्मा स्ट्रारिपर
परमजीत सिंह 9450445642
शाहजहाँपुर रोड, पुवायाँ

समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं

1. नगर पालिका को साफ सुथरा रखने में सहयोग करें।
2. कोविड से सम्बन्धित सभी जरूरी गाइडलाइन्स का पालन करें।
3. नगर के बिजली के खम्भों में लगे मरकरी बल्बो आदि को न तोड़ें।
4. नगर के बकाया जलमूल्य व गृहकर आदि, समय पर जमा करके विकास कार्यो में सहयोग प्रदान करें।
5. अपने घर के कूडा करकट को सड़कों पर न डालें।
6. सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण पर न करें।
7. नगर में निजी जल कनेक्शन धारकों से अनुरोध है कि अपने नलों में टोटियां अवश्य लगवायें जिससे जल का दुरुपयोग न हो सके।
8. जन्म मृत्यु का पंजीयन समय से करायें एवं भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
9. पॉलिथीन का प्रयोग न करें। पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।
10. अपने नगर को प्रदूषण रहित रखे। खुले में शौच न करें
11. नगर पालिका अपनी है इसको स्वच्छ रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।
12. नगर पालिका आपके सहयोग एवं सुझाव के लिये सदा आभारी रहेगी।
13. समस्त नागरिकों से अनुरोध है कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में अपना योगदान करें

संजय कुमार सिंह
जिलाधिकारी, पीलीभीत
लाल चन्द्र भारती
अधिशासी अधिकारी

डॉ. आस्था अग्रवाल
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, पीलीभीत

समस्त सभासदगण, नगर पालिका परिषद पीलीभीत

Affiliation No. 2133610 School No. 61419
CHANDI CONVENT SCHOOL
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi
Senior Secondary School
ADMISSION OPEN SESSION- 2024-25
From NC to IX,XI
A Co- educational English Medium School





Baldev Singh
Director
Preeti Choudhary
Principal
Khutar Road Gangsara
M. 9170381025, 9956764700, 9794663477, 9026174945
DS#969505014

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2060, राज श्री 1390, फॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1950, फॉर्चुन ली. 1570, जय जवान 1495, सचिन 1520, सूरज 1520, अवसर 1640, राग गोल्ड 1620, गृहणी ली 1510, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1640, चक्र टिन 1875, ब्लू 1635, आशीर्वाद मस्टर्ड 1880, स्वास्तिक 2030 । किराना-(प्रतिकु.) Chest निजामाबाद 19000, जीरा 31000, लाल मिर्च 19000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायन 15500-23000, मैथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 । चावल-(प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलेक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दालदलहन___मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलकाछोंटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10700, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, चना काला 8050, दाल चना 8950, लाल हिंदुस्तान 9050, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9500, चना अकोला 8400, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 13400, मोटाहीरा 15300, अरहर गोला मोटा 14600, अरहर पटका मोटा 15000, अरहर कोरा मोटा 15400, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16600 । चीनी-डालमिया 4060, पीलीभीत 4050, नवाबगंज 4040, छेड़ी 4050 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
| --- | --- |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72600 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71600 |
| सिल्वर (पक्की) | 824 (अनुमानित) |

# खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट से थोक मुद्रास्फीति 2.04% पहुंची

## जुलाई में घटकर तीन महीने के निचले स्तर पर, सब्जियों की कीमतों में नरमी प्रमुख वजह

नई दिल्ली, एजेंसी



- तक चार महीने तक थोक महंगाई में वृद्धि हुई थी, जून में 3.36% बनी रही

देश की थोक मुद्रास्फीति जुलाई में घटकर तीन महीने के निचले स्तर 2.04% आ गई। खाद्य पदार्थों खासकर सब्जियों की कीमतों में नरमी इसकी प्रमुख वजह रही। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति में जुलाई में गिरावट आई है, जबकि जून तक चार महीने इसमें वृद्धि हुई थी। जून में 3.36% थी। पिछले साल जुलाई में इसमें 1.23% की गिरावट थी। जुलाई में खाद्य मुद्रास्फीति 3.45% रही, जो जून में 10.87% थी। इसकी मुख्य वजह सब्जियों, अनाज, दालों और प्याज की कीमतों में मासिक आधार पर गिरावट रही। सब्जियों की कीमतों में जुलाई में 8.93% की गिरावट रही, जबकि जून में इनमें 38.76% की बढ़ोतरी थी। इक्रा के वरिष्ठ अर्थशास्त्री राहुल अग्रवाल ने कहा कि (गैर-खाद्य विनिर्माण) डब्ल्यूपीआई लगातार पांचवें महीने बढ़ता रहा, जो जुलाई में 1.2% के साथ 17 महीने के उच्च स्तर को छू गया, हालांकि सूचकांक दूसरे महीने क्रमिक आधार पर संकुचित हुआ। थोक मूल्य सूचकांक में जुलाई में गिरावट इस महीने के खुदरा महंगाई के अनुरूप रही। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा कि भविष्य में हम उम्मीद करते हैं कि थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति में निरंतर नरमी से उत्पादन स्तर की लागत कम होगी और देश में उपभोग मांग बढ़ेगी।

### ईंधन तथा बिजली की की महंगाई 1.72% बढ़ी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा कि जुलाई में महंगाई में गिरावट खाद्य पदार्थों, खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, खनिज तेलों, कच्चे पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस अन्य विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि से आई है। निर्मित उत्पाद समूह की मुद्रास्फीति की वार्षिक दर जून में 1.43% से बढ़कर जुलाई में 1.58% हो गई। ईंधन तथा बिजली की दर बढ़कर 1.72% हो गई, जो जून में 1.03% थी।

## महिंद्रा होलिडेज को 16.77 करोड़ का जीएसटी नोटिस

नई दिल्ली। महिंद्रा होलिडेज एंड रिजॉर्ट्स इंडिया को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग ने जुर्माने सहित 16.77 करोड़ की मांग का नोटिस भेजा है। महिंद्रा होलिडेज एंड रिजॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी को सहायक आयुक्त, अन्ना सलाई, चेन्नई सेंट्रल, तमिलनाडु से 13 अगस्त को आदेश प्राप्त हुआ है।

कंपनी ने कहा कि वह इस संबंध में उचित प्राधिकारी के समक्ष कानूनी उपाय अपनाने के लिए कदम उठा रही है। कंपनी ने बताया कि उसे वित्त वर्ष 2019-20 के लिए प्राधिकरण से एक आदेश प्राप्त हुआ है, जिसमें कंपनी को टीएन जीएसटी अधिनियम, 2017 और सीजीएसटी अधिनियम, 2017 के लागू प्रावधानों के तहत 16,76,61,092 रुपये (88,81,479 रुपये के जुर्माने सहित) की मांग का भुगतान करना है।

## चपाती बनाइए या पास्ता, दोनों के लिए पूसा गेहूं गौरव बेहतर

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी



- प्रधानमंत्री ने फसलों की 109 उन्नत किस्मों का किया था शुभारंभ
- एचआई 8840 को आईसीएआर के प्रधान वैज्ञानिक ने किया है विकसित

प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में राष्ट्र को समर्पित फसलों की 109 उन्नत किस्मों में शामिल पूसा गेहूं गौरव (एचआई 8840) देशी-विदेशी पकवानों के पैमानों पर खरी है। ड्यूरम गेहूं की इस नई प्रजाति को कुछ इस तरह विकसित किया गया है कि इससे उम्दा चपाती और पास्ता, दोनों बनाया जा सकता है।

अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि पूसा गेहूं गौरव को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) के इंदौर स्थित क्षेत्रीय केंद्र के प्रमुख और प्रधान वैज्ञानिक डॉ. जंग बहादुर सिंह ने विकसित किया है। सिंह ने बताया कि ड्यूरम गेहूं की आम प्रजातियों के आटे से चपाती बनाने में दिक्कत पेश आती है लेकिन पूसा गेहूं गौरव के साथ यह समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि पूसा गेहूं गौरव के आटे में पानी सोखने की क्षमता ड्यूरम गेहूं की प्रजातियों के मुकाबले ज्यादा है, जिससे इसकी रोटियां मुलायम बनती हैं। इसमें येलो पिगमेंट के ऊंचे स्तर और इसके कड़े दाने के कारण इससे बेहतरीन गुणवत्ता का पास्ता भी बनाया जा सकता है। सिंह ने बताया कि पूसा गेहूं गौरव में प्रोटीन (12%), आयरन (38.5 पीपीएम) और जिंक (41.1 पीपीएम) जैसे पोषक तत्व समाए हैं। गेहूं की यह प्रजाति जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के मद्देनजर विकसित की गई है।

## एसबीआई और पीएनबी में खाते बंद करने का कर्नाटक सरकार का निर्देश

बेंगलुरु, एजेंसी

- केआईएडीबी के जमा किए 12 करोड़ रुपये वापस करने से इनकार के बाद सरकार ने लिया फैसला

कर्नाटक सरकार ने सभी विभागों, बोर्ड, निगमों, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों और विश्वविद्यालयों को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में सभी जमा और निवेश को वापस लेने और इन बैंकों से आगे कोई भी कारोबार न करने का आदेश दिया है।

यह आदेश बैंक कर्मचारियों की संलिप्तता वाले घोटाले के बाद कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआईएडीबी) के जमा किए 12 करोड़ वापस करने से इनकार के बाद आया है। राज्य सरकार के 12 अगस्त को जारी परिपत्र में कहा था कि बैंक अधिकारियों के साथ बैठक में जमा राशि को लौटाने पर कोई नतीजा नहीं निकला और मामला अब अदालत में है। कर्नाटक राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (केएसपीसीबी) द्वारा जमा किए 10 करोड़ रुपये भी बैंक अधिकारियों के घपले से वापस नहीं हुए। कर्नाटक के वित्त सचिव पीसी जाफर ने कहा कि महालेखा परीक्षक ने भी इस पर आपत्ति जताई है।

## देश का निर्यात 1.2% घटकर 33.98 अरब डॉलर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का वस्तुओं निर्यात जुलाई में सालाना आधार पर 1.2% घटकर 33.98 अरब डॉलर रहा है। एक साल पहले इसी महीने में यह आंकड़ा 34.39 अरब डॉलर था। बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार देश का आयात जुलाई में 7.45% बढ़कर 57.48 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले साल इसी महीने में 53.49 अरब डॉलर था। व्यापार घाटा जुलाई में 23.5 अरब डॉलर रहा है। आयात और निर्यात के अंतर को व्यापार घाटा कहते हैं।

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि मौजूदा रुझानों को देखने से पता चलता है कि देश का कुल माल एवं सेवा निर्यात पिछले साल के आंकड़े को पार कर जाएगा।



- आयात 7.45% बढ़कर 57.48 अरब डॉलर, जो गत वर्ष 53.49 अरब डॉलर था

देश का वस्तु निर्यात जून में 2.56% बढ़कर 35.2 अरब डॉलर पहुंच गया था। इस दौरान व्यापार घाटा बढ़कर 20.98 अरब डॉलर हो गया था। चालू वित्त वर्ष (2024-25) के पहले चार माह (अप्रैल-जुलाई) में निर्यात 4.15% बढ़कर 144.12 अरब डॉलर पर पहुंच गया है, जबकि आयात 7.57% बढ़कर 229.7 अरब डॉलर रहा है।

### व्यापार घाटा बढ़कर 23.50 अरब डॉलर पर पहुंचा

वाणिज्य विभाग के अधिकारी ने कहा कि वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता के बावजूद भारत का निर्यात संभला हुआ है तथा इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों का निर्यात बढ़ा है। जुलाई में देश का व्यापार घाटा बढ़कर 23.50 अरब डॉलर हो गया। जून में 20.98 अरब डॉलर तथा पिछले वर्ष जुलाई में 19 अरब डालर था। सुनील बर्थवाल ने कहा कि यही रुझान जारी रहे तो देश का कुल निर्यात जिसमें माल के अलावा सेवा निर्यात भी शामिल होता है, चालू वित्त वर्ष में पिछले वित्त वर्ष से अधिक रहेगा।

## आईटी में लिवाली से सेंसेक्स 150 अंक चढ़ा, निफ्टी में मामूली बढ़त

मुंबई। शेयर बाजारों में दो दिन से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लग और बीएसई सेंसेक्स 150 अंक चढ़ गया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से वहां के बाजारों में तेजी के बीच सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच घरेलू बाजार एक सीमित दायरे में रहा। आईटी बढ़त में रहा। यह अमेरिका में जारी होने वाले खुदरा मुद्रास्फीति के बेहतर रहने की उम्मीद को दर्शाता है। इससे फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती की गुंजाइश बढ़ सकती है। टीसीएस 2.3% चढ़ा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स लाभ में रहे। वहीं, अल्ट्राटेक सीमेंट, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड और बजाज फिनसर्व नुकसान में रहे।



## एक नजर

### मेघालय के कुछ हिस्सों में 3.7 तीव्रता का भूकंप

शिलांग। मेघालय के कुछ हिस्सों में बुधवार की सुबह 3.7 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल जानमाल के किसी नुकसान के संबंध में कोई खबर नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, सुबह 10 बजकर 55 मिनट पर भूकंप महसूस किया गया और इसका केंद्र पूर्वी जैंतिया हिल्स जिले में, 10 किलोमीटर गहराई पर था।

### एयर इंडिया के विमान से पक्षी टकराया, उड़ान रद

पणजी। गोवा के दाबोलिम हवाई अड्डे से मुंबई के लिए उड़ान भरने जा रहे एयर इंडिया के विमान से बुधवार को सुबह एक पक्षी टकरा गया, जिसके बाद उड़ान रद कर दी गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि विमान में 116 यात्री सवार थे। हवाई अड्डे के निदेशक एम.सी. जयराजन ने वास्को में संवाददाताओं को बताया कि यह घटना सुबह छह बजकर 45 मिनट पर हुई थी। उन्होंने बताया कि पक्षी के टकराने के कारण विमान के इंजन से धुआं निकलने लगा, जिसके बाद उड़ान रद कर दी गई।

### भारती की याचिका पर बांसुरी से मांगा जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) नेता सोमनाथ भारती की उस याचिका पर भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज को नोटिस जारी किया, जिसमें लोकसभा चुनाव में कथित भ्रष्ट आचरण के आधार पर उनके (बांसुरी) निर्वाचन को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा ने स्वराज को 30 दिन के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा है।

# आरोपी को बचाने के प्रयास खड़े करते हैं सवाल

## राहुल गांधी बोले- डॉक्टर समुदाय और महिलाओं में असुरक्षा का माहौल

नई दिल्ली, एजेंसी



- एक्स पर लिखा- जूनियर डॉक्टर के साथ हुई दुष्कर्म एवं हत्या की वीभत्स घटना से पूरा देश स्तब्ध

कोलकाता में प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म और उसकी हत्या के मुद्दे पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि महिला डॉक्टर को न्याय दिलाने के बजाय आरोपी को बचाने का प्रयास अस्पताल और प्रशासन पर सवाल खड़े करता है।

राहुल ने कहा कि कोलकाता में हुई घटना से पूरा देश स्तब्ध है। उससे हुए क्रूर और अमानवीय कृत्य के खुलासे से डॉक्टर समुदाय और महिलाओं में असुरक्षा का माहौल है। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, कोलकाता की वीभत्स घटना से पूरा देश स्तब्ध है। उन्होंने कहा कि पीड़िता को न्याय दिलाने की जगह आरोपियों को बचाने की कोशिश अस्पताल और स्थानीय प्रशासन पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है।

वहीं टीएमसी ने राहुल गांधी की टिप्पणी की आलोचना करते हुए कहा कि उन्हें केंद्र में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों के दौरान महिला सुरक्षा के निराशाजनक रिकॉर्ड को ध्यान में रखना चाहिए। टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कहा कि ऐसी टिप्पणी से पहले उन्हें तथ्यों की जांच करनी चाहिए। उन्हें (पूर्व प्रधानमंत्री) राजीव गांधी के शासनकाल में कांग्रेस सरकारों के दौरान महिलाओं की सुरक्षा के बारे में ट्रैक रिकॉर्ड को नहीं भूलना चाहिए।



कोलकाता में डॉक्टरों और छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। • एजेंसी

### एम्स और सफदरजंग में हड़ताल जारी

नई दिल्ली। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान चिकित्सा संस्थान और सफदरजंग सहित कई अस्पतालों में बुधवार को चिकित्सकों की हड़ताल जारी है। एम्स, वीएमएमसी और सफदरजंग अस्पताल, राम मनोहर लोहिया और इंदिरा गांधी अस्पताल के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने लगातार तीसरे दिन विरोध में अपनी हड़ताल जारी रखी हैं।

### कोलकाता पहुंची सीबीआई की टीम

कोलकाता। प. बंगाल के सरकारी अस्पताल में बुधवार की सुबह पहुंची केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम ने महिला चिकित्सक के साथ कथित दुष्कर्म और उसकी हत्या की घटना की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

## शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में स्थान लेने को तैयार भारत

नई दिल्ली, एजेंसी



- राष्ट्र के नाम संदेश में राष्ट्रपति ने सफलता का श्रेय किसानों, श्रमिकों और दूरदर्शी नेतृत्व को दिया

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और हम विश्व की तीन शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में स्थान लेने को तैयार हैं। उन्होंने भारत में कथित सामाजिक स्तरों पर कलह को बढ़ावा देने वाली प्रवृत्तियों को खारिज करने का आह्वान भी किया। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत अपनी प्रभावशाली स्थिति का उपयोग विश्व शांति और समृद्धि के लिए करना चाहता है।

78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम संदेश में राष्ट्रपति ने इस सफलता का श्रेय किसानों और श्रमिकों और देश के दूरदर्शी नेतृत्व को दिया। उन्होंने कहा कि तेज गति से हो रही न्याय-परक प्रगति के बल पर वैश्विक परिदृश्य में भारत का कद ऊंचा हुआ है और जी20 की अपनी अध्यक्षता के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने के बाद उसने 'ग्लोबल साउथ' को मुखर अभिव्यक्ति देने वाले देश के रूप में अपनी भूमिका को मजबूत बनाया है।

## राजनाथ ने की जम्मू कश्मीर की स्थिति पर उच्च स्तरीय बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू कश्मीर में बढ़ी आतंकी गतिविधियों के मद्देनजर बुधवार को उच्च स्तरीय बैठक में जम्मू कश्मीर की स्थिति की समीक्षा की। स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले साउथ ब्लाक में हुई बैठक को केन्द्र शासित प्रदेश में शांति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रक्षा सचिव गिरधर अरमाने, सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। जम्मू कश्मीर में एक महीने में आतंकी घटनाओं में बढोतरी हुई है। बुधवार को भी मुठभेड़ में सेना का अधिकारी शहीद हो गया। इससे पहले भी हर सप्ताह सशस्त्र तथा सुरक्षा बलों की आतंकियों से मुठभेड़ होती रही है। इस वर्ष जुलाई तक दस से भी आतंकी घटनाओं में सैन्यकर्मियों सहित 20 से अधिक लोग मारे गए हैं। मुठभेड़ में अच्छी खासी संख्या में आतंकी भी मारे गये हैं।

## विभाजन की वेदना को मोदी ने किया याद

नई दिल्ली, एजेंसी

- विभिन्न नेताओं ने बुधवार को देश के बंटवारे के बाद भड़की हिंसा में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित विभिन्न नेताओं ने बुधवार को देश के बंटवारे के बाद भड़की हिंसा में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। मोदी ने एक्स पर लिखा, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर हम उन अनगिनत लोगों को याद करते हैं, जो विभाजन की भयावहता से प्रभावित हुए और उन्हें तकलीफ़ हुई। यह उनके साहस को श्रद्धांजलि देने का भी दिन है। आज, हम देश में एकता और भाईचारे की रक्षा करने की अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहराते हैं।

राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर मैं उन सभी के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जो विभाजन से पैदा हुई हिंसा और नफ़रत के शिकार हो गये। वर्षों बाद भी उसकी पीड़ा देश में महसूस की जाती है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक नए, एकजुट और सशक्त भारत के निर्माण के लिए काम कर रहे हैं, जिससे फिर कभी इस देश को ऐसे कठिन दौर से न गुजारना पड़े। अमित शाह ने एक्स पर कहा, आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर उन लाखों लोगों को श्रद्धांजलि देता हूं, जिन्होंने इतिहास के सबसे क्रूर प्रकरण के दौरान अमानवीय पीड़ाओं का सामना किया, जीवन खो दिया और बेघर हो गए।

जेपी नड्डा ने कहा, आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस 1947 के उस क्रूर घटना का स्मरण कराता है, जब संसार को वसुधैव कुटुंबकम और सर्वे भवंतु सुखिनः का संदेश देने वाले हमारे महान राष्ट्र को राजनीतिक स्वार्थ के लिए बांट दिया गया था।

## कोली को बरी करने के खिलाफ याचिका पर होगी सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

**निठारी कांड**

उच्चतम न्यायालय केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की ओर से दाखिल एक नयी याचिका पर सुनवाई के लिए बुधवार को तैयार हो गया, जिसमें 2006 के सनसनीखेज निठारी हत्याकांड में आरोपी सुरेंद्र कोली को बरी करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई है।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने सीबीआई की अर्जी को उच्च न्यायालय के 16 अक्टूबर, 2023 के फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत में विचाराधीन अन्य याचिकाओं के साथ सूचीबद्ध कर दिया। शीर्ष अदालत ने 19 जुलाई को उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ दायर सीबीआई और उत्तर प्रदेश सरकार की अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सहमति जताई थी। उसने इन याचिकाओं पर कोली को नोटिस जारी कर उसका जवाब भी मांगा था।

# 18 अधिकारी अदम्य साहस के लिए शौर्य चक्र से होंगे सम्मानित

नई दिल्ली, एजेंसी

- मरणोपरांत चार अधिकारियों को दिए जाएंगे सम्मान

अदम्य साहस के लिए 18 सैन्य अधिकारियों को शौर्य चक्र प्रदान किए गए। इसमें आर्मी एविएशन स्क्वाड्रन के कर्नल पवन सिंह, पैराशूट रेजिमेंट की 21वीं बटालियन के मेजर सीवीएस निखिल, सिख लाइट इन्फैंट्री के मेजर आशीष धोंचक (मरणोपरांत), सैन्य सेवा कोर की 34वीं बटालियन के मेजर त्रिपतप्रीत सिंह और रेजीमेंट ऑफ आर्टिलरी की 34वीं बटालियन के मेजर साहिल रंधावा शामिल हैं।

जम्मू-कश्मीर राइफल्स की पांचवीं बटालियन के सूबेदार संजीव सिंह जसरोटिया, रेजीमेंट आर्टिलरी/56वीं राष्ट्रीय राइफल्स के नायब सूबेदार पी पाबिन सिंघा, सिख लाइट इन्फैंट्री/राष्ट्रीय राइफल्स की 19वीं बटालियन के सिपाही प्रदीप सिंह (मरणोपरांत), जम्मू-कश्मीर पुलिस के अब्दुल लतीफ और भारतीय नौसेना के जहाज कोलकाता के कमांडिंग अधिकारी कैप्टन शरद सिंसुंवाल को भी शौर्य चक्र से सम्मानित करने के लिए चुना गया है। अन्य शौर्य चक्र पुरस्कार विजेताओं में भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट कमांडर कपिल यादव, भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के विंग कमांडर वर्नोन डेस्मिंड कीन, वायु सेना के स्क्वाड्रन लीडर दीपक कुमार, सीआरपीएफ के पवन कुमार (मरणोपरांत) और सीआरपीएफ के देवन सी (मरणोपरांत) शामिल हैं। सीआरपीएफ के डिप्टी कमांडेंट लखवीर, सीआरपीएफ के राजेश पांचाल और सीआरपीएफ के ही मलकीत सिंह को भी शौर्य चक्र के लिए चुना गया है।

**78वां स्वतंत्रता दिवस** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को सर्वाधिक 52 वीरता पदक, जम्मू-कश्मीर पुलिस को 31 पदक दिए जाएंगे

# केंद्रीय व राज्य बलों के लिए 1,037 पुलिस पदकों की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी

- इन पदकों की घोषणा वर्ष में दो बार होती है, दूसरी बार गणतंत्र दिवस पर दिया जाता है यह सम्मान

केन्द्र सरकार ने बुधवार को केंद्रीय एवं राज्य बलों के 1,037 पुलिस कर्मियों के लिए सेवा पदक जाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार 214 कर्मियों को वीरता पदक दिए जाएंगे, जिसमें एक राष्ट्रपति वीरता पदक (पीएमजी) और 231 वीरता पदक (जीएम) हैं। जीएम में अग्निशमन कर्मियों के लिए चार और नागरिक सुरक्षा कर्मियों के लिए एक पदक शामिल है।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल को सर्वाधिक 52 वीरता पदक, जम्मू-कश्मीर पुलिस को 31 वीरता पदक है। उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के 17-17, छत्तीसगढ़ के 15 और मध्य प्रदेश के 12 पुलिसकर्मियों को वीरता पदक दिए जाएंगे। बहादुरी के लिए सर्वोच्च पुलिस सम्मान तेलंगाना पुलिस के हेड कांस्टेबल चादुवु यादैया को दिए जाएंगे। उन्हें 25 जुलाई 2022 को दो चेन झपटमारों और हथियार तस्करों को पकड़ने के लिए यह पुरस्कार दिया गया। गृह मंत्रालय ने बताया कि अन्य पदकों में विशिष्ट सेवा के लिए 94 राष्ट्रपति पुलिस पदक और सराहनीय सेवा के लिए 729 पदक शामिल हैं। इन पदकों की घोषणा वर्ष में दो बार की जाती है। दूसरी बार इन पुरस्कारों की घोषणा गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाएगी।

### बीएसएफ के दो जवान को वीरता पदक

मणिपुर में हिंसक झड़पों के दौरान बीएसएफ के दो जवानों और घायल हुए एक जवान पुलिस पदक से पुरस्कृत हुए। इसमें दिवंगत कांस्टेबल नरेंद्र कुमार और रंजीत यादव तथा सहायक कमांडेंट अशोक के अलावा बीएसएफ के तीन कर्मी हैं।

### सीबीआई के 18 अधिकारी को पुलिस पदक

सीबीआई के 18 अधिकारियों में इंटरपोल से जुड़े दो अधिकारी भी पुलिस पदक से सम्मानित किए जाएंगे। छह को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक, 12 को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक है। राष्ट्रपति पदक एसपी प्रदीप कुमार के, एएसपी नरेश कुमार शर्मा, प्रमोद कुमार और मुकेश कुमार तथा हेड-कांस्टेबल रामजी लाल जाट तथा राजकुमार को मिलेगा। अंतर्राष्ट्रीय पुलिस सहयोग इकाई के संयुक्त निदेशक विजयेंद्र बिदारी, मोहम्मद सुवेज़ हक, पुलिस उपाधीक्षक कृष्ण सिंह, निरीक्षक दर्शन सिंह, सहायक पुलिस निरीक्षक सत्यजीत हलदर, हेड-कांस्टेबल लालता प्रसाद, सुभाष चंद, ओंकारदास वैष्णव, साद्दी राजू रेड्डी, कांस्टेबल शिव कुमार सुब्रमण्यन और स्टेनो ग्रेड-1 संपदा संजीव रेवनकर को पुलिस पदक मिलेगा।





# कैस ने दो बार फैसला टालने के बाद खारिज की विनेश की अपील

नई दिल्ली, एजेंसी



● आईओए की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने खेल पंचाट न्यायालय के फैसले पर जताई नराजगी

भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट की संयुक्त रूप से रजत पदक दिये जाने की अपील को कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन के एडहॉक डिवीजन (कैस) ने बुधवार को खारिज कर दिया है। कैस ने दो बार फैसला टालने के बाद अचानक आज विनेश की अपील को खारिज कर दिया है।

इसको लेकर भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने खेल पंचाट न्यायालय (कैस) के फैसले पर आश्चर्य और नाराजगी व्यक्त की है। आईओए ने एक बयान में कहा है कि पेरिस ओलंपिक में स्पर्धा के एक दिन बाद दूसरे दिन वजन के उल्लंघन के लिए एथलीट को पूरी तरह से अयोग्य घोषित करना गहन जांच का विषय है। भारत की ओर से कानूनी प्रतिनिधियों ने कैस के समक्ष अपनी बात रखी थी। आईओए ने अपने बयान में कहा कि कैसा का फैसला आने के बाद भी आईओए फोगाट के पूर्ण समर्थन में खड़ा है और आगे के कानूनी विकल्पों की तलाश कर रहा है। आईओए यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि विनेश के मामले की सुनवाई हो। आईओए खेलों में न्याय और निष्पक्षता की वकालत करना जारी रखेगा। उल्लेखनीय है कि विनेश ने महिला कुश्ती के 50 किग्रा वर्ग में लगातार तीन मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बनाई थी। विनेश का वजन 50 किलो से 100 ग्राम वजन अधिक पाये जाने के कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया था। जिसके बाद विनेश ने कैस में अपील दायर कर संयुक्त रूप से रजत पदक दिये जाने की मांग की थी।

# रोहित वनडे रैंकिंग में बाबर के बाद दूसरे स्थान पर

दुबई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा हाल में श्रीलंका के खिलाफ समाप्त हुई वनडे श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बूते बुधवार को जारी ताजा आईसीसी वनडे रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में एक पायदान के फायदे से दूसरे स्थान पर पहुंच गए।



● बल्लेबाजों की सूची में विराट नंबर चार पर काबिज, गेंदबाजी में कुलदीप शीर्ष चार में शामिल

भारत हालांकि इस तीन मैच की श्रृंखला में 0-2 से हार गया था लेकिन रोहित ने दो अर्धशतकों से 52.33 के औसत से 157 रन बनाये थे। श्रृंखला का पहला मैच टाई रहा था। वहीं शुभमन गिल एक पायदान खिसककर तीसरे स्थान पर आ गए जबकि विराट कोहली अपने चौथे स्थान पर बरकरार हैं। बायें हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव गेंदबाजों की सूची में चौथे स्थान से भारतीयों में रैंकिंग में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर हैं। वह शीर्ष पर काबिज दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज, ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड और एडम जम्पा से पीछे हैं।

# दलीप ट्राफी के लिए तैयार गिल, पंत और जडेजा



नई दिल्ली, एजेंसी

सीनियर स्टार खिलाड़ी जैसे कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और आर अश्विन को बेंगलुरु में पांच सितंबर से शुरू होने वाली दलीप ट्राफी में खेलने से छूट मिली है जबकि राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने इस प्रतियोगिता के लिए चार टीम का चयन करते हुए घरेलू मुकाबलों में प्रदर्शन करने वाले और संभावित प्रतिभाओं के बीच बढ़िया संतुलन बनाया है।

इस टूर्नामेंट में अंतर्राष्ट्रीय स्टार जैसे शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, आल राउंडर रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज खेलते नजर आएंगे। टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को भी चुना गया है जिन्होंने 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक टेस्ट खेला था। सूर्यकुमार के अलावा अन्य ने टीम में जगह पक्की कर ली है। भारत की टी-20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य विकेटकीपर ऋषभ पंत भी इस टूर्नामेंट में खेलेंगे। वहीं ईशान किशन भी इसमें खेलेंगे जिन्हें पिछले सत्र में आईपीएल को प्राथमिकता देने और रणजी ट्राफी में नहीं खेलने के लिए बीसीसीआई की केंद्रीय अनुबंधित सूची से हटा दिया था। भारतीय खिलाड़ियों का केवल एक ही मैच खेलना था इसलिए कोहली, रोहित, बुमराह और अश्विन को छूट दी गई।

## मोर्कल होंगे नए गेंदबाजी कोच

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज मोर्ने मोर्कल को भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का नया गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। शाह ने कहा, हां, मोर्ने मोर्कल को सीनियर भारतीय पुरुष टीम का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। दक्षिण अफ्रीका के 39 साल के मोर्कल



## खेल डायरी



### ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम ने इंडिया ए को हराया

मकाय। मेटलन ब्राउन (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी और उसके बाद केटी मैक (129) की शतकीय तथा कप्तान तालिया मैक्ग्रा (56) रनों की शानदार पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम ने बुधवार को इंडिया ए को 18 गेंदें शेष रहते चार विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 250 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ए टीम ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 50 रन जोड़े। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम की कप्तान तालिया मैक्ग्रा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया ए टीम की शुरुआत खराब रही और उसने 11 रन पर अपने दो विकेट गंवा दिये। श्वेता सहरावत (1) और प्रिया पुनिया (6) रन बनाकर आउट हुई। सतीश शुभा और तेजल हसबनिस ने पारी संभालने का प्रयास किया। 13वें ओवर में तालिया मैक्ग्रा ने सतीश शुभा (16) को आउट कर इंडिया ए को तीसरा झटका दिया। तेजल हसबनिस (53) रन बनाकर आउट हुई, वहीं बिष्ट राघवी ने शानदार (82) रनों की पारी खेली। मिन्नू मनी (27) रन बनाकर आउट हुई। शिप्रा गिरी 25 रन बनाकर नाबाद रही। इंडिया ए टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 249 का स्कोर खड़ा किया।

### भारत पेरिस पैरालंपिक में 12 खेलों में लेगा हिस्सा

मुंबई। भारत 28 अगस्त से पेरिस में शुरू होने वाले पैरालंपिक में 12 खेलों में प्रतिस्पर्धा करेगा जिसमें पैरा साइकिलिंग, पैरा नौकाचालन और दृष्टिबाधित जूडो देश की नयी स्पर्धायें होंगी। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने बुधवार को घोषणा की यह भारत के पैरालंपिक खिलाड़ियों की बढ़ती विविधता और प्रतिभा को दर्शाता है। आंध्र प्रदेश के अरशद शेख पैरा साइकिलिंग में अपना पैरालंपिक पदार्पण करेंगे। उन्होंने एशियाई रोड पैरा साइकिलिंग चैंपियनशिप में पुरुषों की एलीट व्यक्तिगत टाइम ट्रायल सी2 श्रेणी में रजत पदक जीतकर अपना कोटा हासिल किया था। आंध्र प्रदेश के कोंगानापाले नारायण पैरा नौकाचालन में और हरियाणा की कोकिला कौशिकलाते दृष्टिबाधित जूडो में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### वनडे कप और काउंटी मैच में खेलेंगे युजवेंद्र चहल

लंदन। भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन टू में बचे हुए पांच मैच और वनडे कप के अंतिम मुकाबलों में खेलने के लिए नार्थम्पटनशर से जुड़ गये हैं। चहल ने अभी तक भारत के लिए 72 वनडे और 80 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं और दोनों ही प्रारूपों में 217 विकेट झटके हैं। नार्थम्पटनशर ने अपनी वेब साइट पर कहा कि भारत के लिए टी-20 विश्व कप के विजयी अभियान में भूमिका निभाने वाले चहल कैंट के खिलाफ मैच के लिए कैंटरबरी की यात्रा से पहले बुधवार को टीम से जुड़ेंगे। नार्थम्पटनशर ने कहा, नार्थम्पटनशर काउंटी क्रिकेट क्लब को



यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारतीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल कैंट में अंतिम वनडे कप मैच और बचे हुए पांच काउंटी चैंपियनशिप मुकाबलों के लिए क्लब से जुड़ेंगे। नार्थम्पटनशर इस समय आठ टीम के काउंटी डिवीजन 2 तालिका में सात ड्रा और दो हार से सातवें स्थान पर है।

### मैंने डेविस कप कोच पद से इस्तीफा दे दिया : जीशान

नई दिल्ली। जीशान अली ने बुधवार को घोषणा की कि उन्होंने स्टॉकहोम में स्वीडन के खिलाफ भारतीय टीम के अगले मुकाबले से पहले राष्ट्रीय डेविस कप टीम के कोच पद से इस्तीफा दे दिया है। जीशान अली ने कहा मैंने डेविस कप टीम के कोच पद से इस्तीफा दे दिया है। जीशान (54 वर्ष) 2013 में नयी दिल्ली में दक्षिण कोरिया के खिलाफ मुकाबले से पहले नंदन बाल की जगह टीम के कोच बने थे। मैं 11 साल से डेविस कप टीम का कोच रहा हूं। सबसे बड़ी बात मैं इस साल के शुरू में पाकिस्तान में पाकिस्तान के खिलाफ खेले गये ऐतिहासिक मुकाबले में डेविस कप कप्तान भी था। मुझे नहीं लगता कि देश में इस तरह का कोई भी व्यक्ति है जिसे ये सभी तीनों चीजें करने का सम्मान मिला हो। जीशान ने कहा ऐसे भी खिलाड़ी रहे हैं जो कप्तान थे लेकिन मुझे नहीं लगता कि ऐसे भी हालात आये होंगे जिसमें खिलाड़ी एक कोच भी था और कोच टीम का कप्तान भी था। इसलिए मैंने ये सभी तीनों चीजें की हैं और मुझे लगता है कि जहां तक डेविस कप का संबंध है तो मैंने अभी तक वो सब हासिल कर लिया है जो हासिल किया जा सकता था।

### चोट के चलते श्रीलंका सीरीज से हुए बाहर बेन स्टोक्स

लंदन। इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स मांसपेशियों में खिंचाव (हैमस्ट्रिंग चोट) के कारण श्रीलंका के साथ होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। स्टोक्स को यह चोट द हंड्रेड में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के लिए खेलते हुए मैनचेस्टर ओरिजनल्स के खिलाफ रविवार को लगी थी। स्टोक्स रन लेते समय पिच पर गिर पड़े थे। इसके बाद उन्हें बैसाखी के सहारे पवेलियन ले जाया गया। मंगलवार को हुए स्कैन में पता चला कि उनको बड़ी चोट लगी है और वह 21 अगस्त से श्रीलंका के साथ होने वाली तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में नहीं खेल पायेंगे। उनकी जगह उप कप्तान ऑली पोप टेस्ट टीम की कमान सौंपी गई है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने एक बयान में कहा कि पाकिस्तान दौरे पर स्टोक्स सात अक्टूबर से मुल्तान में खेले जाने वाले मैच वापसी कर सकते हैं। इसके अलावा अंगुली की चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ सीरीज से बाहर हुए जैक क्रॉली भी पाकिस्तान दौरे पर वापसी कर सकते हैं।

# श्रीजेश... श्रीजेश... सुनकर याद आए सचिन

## भारतीय हॉकी के महान गोलकीपर बोले- आखिरी चार मैचों में मुझे लगा देश के लिए कुछ कर पाया हूं, प्रशंसक मेरा नाम ले रहे थे

नई दिल्ली, एजेंसी

बचपन से हम सचिन तेंदुलकर का नाम ही सुनते आए हैं और मैदान में सचिन... सचिन... का शोर सुना है, जब ओलंपिक में आखिरी चार मैचों में मुझे श्रीजेश श्रीजेश सुनाई दिया तो मुझे उनकी क्रिकेट से विदाई याद आ गई, यह कहना है भारतीय हॉकी के महान गोलकीपर पी आर श्रीजेश का। तोक्यो के बाद पेरिस ओलंपिक में भी कांस्य जीतकर श्रीजेश ने हॉकी को अलविदा कह दिया। उनकी विदाई के साथ ही भारतीय हॉकी से 16 नंबर की जर्सी भी रिटायर कर दी गई।

यह पूछने पर कि रिटायर होने के बाद सबसे ज्यादा क्या मिस करेंगे, श्रीजेश ने अपने सम्मान समारोह के बाद कहा जैसे सचिन ने कहा था कि मैदान में सचिन सचिन का शोर वह कभी भुला नहीं पाएंगे तो ओलंपिक में आखिरी चार मैचों से मुझे भी यह सुनाई दे रहा था श्रीजेश श्रीजेश। हमने बचपन में बस सचिन सचिन ही सुना है और उस पल मुझे एक बार लगा कि मैंने भी देश के लिए कुछ किया है। मैं मैदान में उतरते समय पैड पहनना मिस करूंगा। लोग पहले दाहिना पैर रखते हैं लेकिन मैं बायां पैर पहले रखता था। भारत के लिए 336 मैच खेल चुके इस दिग्गज ने कहा हॉकी में वॉर्मअप, रूम, मीटिंग, खिलाड़ियों को मैदान पर गालियां देना, साथ में खाना सब कुछ मिस करूंगा। मेरा जीवन अब तक टीम के साथ ही रहा है, इनके बिना मुझे कुछ पता नहीं है।



हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में कांस्य पदक विजेता हॉकी खिलाड़ी पी आर श्रीजेश और निशानेबाज मनु भाकर। ● एजेंसी

## हॉकी दिग्गज बोले- धैर्य की परिभाषा श्रीजेश से सीखें

नई दिल्ली, एजेंसी

● श्रीजेश के विदाई समारोह में कांस्य विजेता को दी लंबे करियर के लिए बधाई, भेंट किए पुरस्कार

पी आर श्रीजेश को धैर्य का पर्याय बताते हुए भारतीय हॉकी जगत के दिग्गजों ने कहा कि वह आधुनिक हॉकी के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर ही नहीं बल्कि युवाओं के लिये मैदान से भीतर और बाहर प्रेरणास्रोत भी रहे हैं। श्रीजेश ने कांस्य जीतने के साथ ही हॉकी को अलविदा कह दिया और अब जूनियर टीम के कोच के रूप में नई पारी का आगाज करेंगे।

हॉकी इंडिया द्वारा उनकी विदाई के लिये आयोजित समारोह में भारतीय पुरूष हॉकी टीम के पूर्व कोच हरेंद्र सिंह ने कहा जुलाई 2003 में त्रिवेंद्रम में पहली बार जब मैंने श्रीजेश को खेलते देखा तभी मैं इसकी प्रतिभा भांप गया था। वहां से शुरू हुआ इसका सफर आसान नहीं रहा। कोई और होता तो इतना संघर्ष देखकर काफी पहले छोड़कर चला गया होता। भारतीय महिला टीम के कोच ने कहा किसी को धैर्य की परिभाषा सीखनी हो तो श्रीजेश से सीखें। उन्होंने आने वाले गोलकीपरों के लिये काफी ऊंचे मानक स्थापित किए हैं। वहीं हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और भारत के दिग्गज डिफेंडर रहे दिलीप टिर्की ने कहा जब हम खेलते थे तब श्रीजेश को वार्मअप के लिए बुलाते थे। वहां से लेकर भारतीय टीम को कांस्य पदक जिताने तक श्रीजेश ने लंबा सफर तय किया है।

उन्होंने कहा यही वजह है कि हमने उसके करियर को सराहने के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया जो भारतीय हॉकी में नई शुरूआत है और श्रीजेश इसके हकदार भी हैं। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि उनके जैसे युवा खिलाड़ियों को श्रीजेश ने मेहनत, मानसिक दृढ़ता और लक्ष्य के लिए डटे रहना सिखाया। मैंने 2015 में पदार्पण किया और पहली बार उनके साथ खेला। कई कुर्बानियां दी और हमें बहुत कुछ सिखाया।

### श्रीजेश की 16 नंबर की जर्सी को किया रिटायर

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने बुधवार को दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश के सम्मान में उनकी जर्सी नंबर 16 को सीनियर टीम से रिटायर करने का फैसला किया। श्रीजेश ने हाल ही में संपन्न पेरिस खेलों में देश को लगातार दूसरा ओलंपिक कांस्य पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बाद खेल को अलविदा कह दिया। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा कि भविष्य में किसी भी सीनियर टीम के खिलाड़ी को 16 नंबर की जर्सी नहीं दी जाएगी, हालांकि जूनियर स्तर पर यह जर्सी मिलेगी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने इस अनुभवी खिलाड़ी के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि श्रीजेश ने 'आधुनिक भारतीय हॉकी के भगवान' कहलाने का अधिकार अर्जित किया है। भोला नाथ ने आधिकारिक तौर पर यह भी घोषणा की कि लगभग दो दशक तक देश का प्रतिनिधित्व करने वाले 36 वर्षीय श्रीजेश जूनियर राष्ट्रीय कोच की भूमिका निभाएंगे। भोला नाथ ने श्रीजेश के सम्मान में आयोजित समारोह में कहा, श्रीजेश अब जूनियर टीम के कोच बनने जा रहे हैं और हम सीनियर टीम के लिए 16 नंबर की जर्सी रिटायर कर रहे हैं। हम जूनियर टीम के लिए 16 नंबर की जर्सी को रिटायर नहीं कर रहे।

### पत्नी साथ न देती तो यहां तक नहीं पहुंच पाता: श्रीजेश

जूनियर टीम के कोच बनने जा रहे श्रीजेश ने कहा अभी सोचा ही नहीं है कि रिटायर्ड लाइफ कैसी होगी। घर जाकर पहले दिन सोकर उठूंगा तो क्या करूंगा, अभी दिमाग को सिखाना होगा कि पिछले 24 साल का रूटीन बदल गया है। वैसे ऐसा होगा नहीं, फिटनेस का रूटीन खराब नही करूंगा। पिछले 24 साल से एक ही रूटीन रहा है। अभी ओणम आ रहा है। अब तक ओणम पर पायसाम (खीर) खाने के समय दो चम्मच पर रूक जाना पड़ता था कि फैट हो जाएगा। अब यह सब बदल जाएगा। उन्होंने कहा कि अपने कैरियर पर उन्हें गर्व है क्योंकि उनके बच्चों को उन पर गर्व है। उन्होंने कहा बेटे को समझ में आ गया है कि अब पापा ज्यादा समय हमारे साथ रहेंगे। वो बोलता है कि पापा अभी और खेलो क्योंकि स्कूल में सभी को पता है कि पापा देश के लिए खेलते हैं। उसने मेरे पदक असेंबली में दिखाए थे। मेरे लिये यह गर्व का पल है क्योंकि मेरे बच्चों को मुझ पर गर्व है। पत्नी अनीश्या को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा शादी के समय मैंने उससे कहा था कि तुम डॉक्टर हो और आजीवन रहोगी लेकिन मैं खिलाड़ी हूं और मेरा करियर बहुत कम है इसलिए मैं जब तक खेल रहा हूं, मुझे खेलने दो। तुम घर संभालो। उसने कभी ना नहीं बोला। उसने मेरे मम्मी पापा, बच्चों और घर को संभाला और वह नहीं होती तो मैं यहां तक नहीं पहुंचता।





राष्ट्रपति भवन में सम्मान समारोह में शामिल हुआ ओलंपिक का भारतीय दल, खिलाड़ियों से मुलाकात करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। ● एजेंसी

# नदीम को मिला 25 करोड़ का पुरस्कार

इस्लामाबाद, एजेंसी

ओलंपिक भाला फेंक स्वर्ण पदक विजेता अरशद नदीम को मंगलवार को कुल 25 करोड़ रुपये (आठ लाख 97 हजार डॉलर) की इनामी राशि मिली जबकि पाकिस्तान ने पेरिस खेलों में उनके रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन का जश्न मनाना जारी रखा।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस्लामाबाद में नदीम के सम्मान में आयोजित एक विशेष समारोह में इस स्टार एथलीट को 15 करोड़ रुपये (पांच लाख 38 हजार डॉलर) देने की घोषणा की। शरीफ ने यह घोषणा पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज के मियां चन्नू जिले के एक गांव में नदीम के घर जाने और उन्हें 10 करोड़ रुपये (तीन लाख 59 हजार डॉलर) का चेक सौंपने के कुछ घंटों बाद की। मरियम ने उन्हें एक नई कार की चाबियां भी सौंपी जिसका विशेष पंजीकरण नंबर 'पीएके 92.97' है जो पेरिस में नदीम द्वारा 92.97 मीटर के थ्रो को दर्शाता है जो एक ओलंपिक रिकॉर्ड है। नदीम के कोच सलमान इकबाल बट को भी 50 लाख रुपये (18 हजार डॉलर) दिए गए। शरीफ ने नदीम के लिए इनामी राशि की घोषणा करते हुए कहा आपने 25 करोड़ पाकिस्तानियों की खुशी दोगुनी कर दी है क्योंकि हम कल अपना स्वतंत्रता दिवस भी मनाएंगे। उन्होंने कहा आज हर पाकिस्तानी खुश है और पूरे देश का मनोबल आसमान छू रहा है। नदीम के पिता दिहाड़ी मजदूर हैं। नदीम ने कहा यह भावना बहुत अच्छी है। मुझे उम्मीद है कि मैं फिट रहूंगा और एक दिन विश्व रिकॉर्ड तोड़ूंगा। उनके थ्रो ने आसानी से नॉर्वे के एंड्रियास थोरकिल्डसन के 2008 में बनाए गए 90.57 मीटर के पिछले ओलंपिक रिकॉर्ड को पार कर लिया। यह तोक्यो खेलों के चैंपियन भारत के नीरज चोपड़ा के प्रयास से भी काफी आगे था जिन्होंने 89.45 मीटर का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता।



● प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ बोले- पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण लाकर नदीम ने बढ़ाया है 25 करोड़ पाकिस्तानियों का हौसला

### पाकिस्तान सरकार पर 50 लाख नहीं देने का लगाया आरोप

लाहौर। एशियाई खेल 2023 में भाला फेंक स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले यासिर सुल्तान ने बुधवार को आरोप लगाया कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उन्हें देश के लिए पुरस्कार जीतने के लिए पिछले साल 50 लाख रुपये देने का वादा किया था लेकिन इसमें से उन्हें अभी तक कोई पैसा नही मिला है। सुल्तान की यह प्रतिक्रिया पेरिस ओलंपिक 2024 चैंपियन अरशद नदीम के लिए सरकार की 30 करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा के बाद आई है जिन्होंने सात अगस्त को भाला फेंक स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था। यह पाकिस्तान का 1984 ओलंपिक में देश के हॉकी में पहले ओलंपिक स्वर्ण पदक के बाद पहला स्वर्ण पदक था। नदीम के स्वर्ण पदक के बारे में बोलते हुए सुल्तान ने नकद पुरस्कार की घोषणा करने में जल्दबाजी करने और भुगतान नहीं करने लिए सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा पिछले साल मुझे प्रधानमंत्री शरीफ ने प्रधानमंत्री आवास में आमंत्रित किया था, जहां उन्होंने एशियाई खेलों 2023 में रजत पदक जीतने के लिए मुझे 50 लाख रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री ने मुझे विदेश में ट्रेनिंग दिलाने में मदद करने का भी वादा किया था। लेकिन एक साल बीत गया है, मुझे वादे के नकद पुरस्कार भी नहीं दिया गया और न ही मेरे लिए विदेश में कोई ट्रेनिंग की व्यवस्था की गई।



# वेकिक सिनसिनाटी में एशलिन क्रूगर से हारीं

मेसन (ओहियो), एजेंसी



सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में हार के बाद डोना वेकिक। ● एजेंसी

● पेरिस ओलंपिक में जीता था रजत पदक, पहला ही मुकाबला हारीं

ओलंपिक में रजत पदक जीतने के बाद अपने पहले ही मैच में डोना वेकिक को सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के पहले दौर में एशलिन क्रूगर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

एशलिन ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए 5-7, 7-6, 6-2 से जीत दर्ज की। एशलिन ने क्वालीफाइंग में नाओमी ओसाका जैसी खिलाड़ी को हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई और फिर पहले ही दौर में क्रोएशिया की 16वीं वरीय वेकिच को हराया। वेकिक पेरिस ओलंपिक में महिला एकल के स्वर्ण पदक के मुकाबले में झेंग किनवेन के खिलाफ हार गईं थी। पुरुष वर्ग में ब्रेंडन नाकाशिमा ने 11वें वरीय टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 4-6, 7-6 से हराकर उलटफेर किया जबकि 12वें वरीय बेन शेल्टन ने दो अमेरिकी खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में रिली ओपेल्का को 7-6, 7-6 से शिकस्त दी। पेरिस खेलों के कांस्य पदक विजेता ने इटली के 14वें वरीय लोरेंजो मुसेटी ने चिली के निकोलस जैरी को 4-6, 7-6, 7-6 से हराया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक-नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

